हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 मई 2024


तापमान

अधिकतम 41.7 डिग्री

न्यूनतम 27.7 डिग्री


12 सेजबहार हाल का मॉडल बनाकर कर्मियों को दिया ...





13 सड्डू में सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त




# 36 दिनों में 12 परीक्षाएं लेगा व्यापम, सर्वाधिक अर्जी डीएलएड में, इंजीनियरिंग से ज्यादा कृषि में रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत 9 जून से हो रही है। 9 जून से 14 जुलाई तक व्यापम 12 परीक्षाएं लेने जा रहा है। इनमें से एक पात्रता परीक्षा है, जबकि शेष 11 प्रवेश परीक्षा है। इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पूर्ण हो चुके हैं। इन सभी परीक्षाओं में 12 लाख 90 हजार 604 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सर्वाधिक आवेदन डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए व्यापम को प्राप्त हुए हैं। 3 लाख 5 हजार 629 छात्रों ने इसके लिए आवेदन किया है। यह संख्या बीएड से भी अधिक है। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए व्यापम को 2 लाख 53 हजार 649 आवेदन मिले हैं।

यह पहली बार है, जब बीएड से अधिक आवेदन डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए मिले हैं। शिक्षाविदों के अनुसार, प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए केवल डीएलएड को ही मान्य किए जाने संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें परीक्षार्थियों की दिलचस्पी बढ़ी है। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 600 सीटें हैं, जबकि डीएलएड सीटों की संख्या 7 हजार ही है। अर्थात इस बार बीएड से दोगुनी मारामारी डीएलएड में प्रवेश के लिए होगी।

## व्यापम की प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ होंगी 9 जून से, 14 जुलाई को अंतिम प्रवेश परीक्षा

### सबसे कम आवेदन एमएससी नर्सिंग में

व्यापम को सबसे कम आवेदन एमएससी नर्सिंग के लिए मिले हैं। इसके लिए मात्र 5 हजार 615 छात्रों ने आवेदन किए हैं। इसके अलावा एमसीए के लिए भी मात्र 7 हजार 295 आवेदन मिले हैं। इन दोनों ही विषयों में छात्रों की दिलचस्पी घटती जा रही है। इसी तरह इंजीनियरिंग की तुलना में कृषि पाठ्यक्रम में छात्रों की रुचि अधिक है। पीईटी के लिए जहां व्यापम को 22 हजार 854 आवेदन मिले हैं, तो वहीं इससे दोगुने आवेदन प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के लिए मिले हैं। पीएटी के लिए 46 हजार 275 छात्रों ने फॉर्म भरे हैं। लाखों की संख्या में शामिल हो रही परीक्षार्थियों को देखते हुए व्यापम ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। बीते दिनों व्यापम द्वारा नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक भी ली गई। इसें उन्हें परीक्षा कार्य संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।





### कितने आवेदन

| | |
|---|---|
| पीईटी- | 22,854 |
| पीपीएचटी- | 37076 |
| पीएटी- | 46,275 |
| पीपीटी- | 32,875 |
| एमसीए- | 7295 |
| बीएससी नर्सिंग- | 52,628 |
| एमएससी नर्सिंग- | 5,615 |
| पोस्ट बेसिक नर्सिंग- | 7,189 |
| बीएड- | 2,53,649 |
| डीएलएड- | 3,05,629 |
| बीए-बीएससी बीएड- | 37,037 |
| टेट- | 4,82,482 |

## खबर संक्षेप

### विवाद में हत्या, पिता-पुत्र को आजीवन कारावास



**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व विवाद के चलते हत्या के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अगम कुमार कश्यप ने पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोक सरोज गुप्ता के मुताबिक संजू वर्मा की हत्या के आरोप में उरकुरा निवासी कल्लू उर्फ अमरजीत सिंह राजपूत तथा उसके बेटे तनेश सिंह को कोर्ट ने कैद के साथ एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विवाद के चलते कल्लू तथा उसके बेटे ने संजू को 22 मार्च 2022 को लाठी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

### शराब परिवहन करते तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** आरंग थाने की पुलिस ने दोपहिया से शराब परिवहन करते एक नाबालिग सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 95 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक शराब तस्करी करने के आरोप में खरोरा निवासी हरीश कुमार धीवर तथा अजित कुमार धृतलहरे तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है।

### फिजियोथैरेपिस्ट के घर चोरी



**रायपुर।** पंडरी थाना में एक फिजियोथैरेपिस्ट ने अज्ञात चोर के खिलाफ 10 हजार रुपए कीमत की अपने घर से सिलाई मशीन तथा कटर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोधीपारा निवासी राजेश जयराज ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर दीवाल फांदकर घर में रखी सिलाई मशीन तथा कटर चोरी कर ले गया।

### पैसा मांगने पर हाथ तोड़ा

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक कुल्फी बेचने वाले ने एक युवक के खिलाफ कुल्फी का पैसा मांगने पर मारपीट कर हाथ तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक चौबे कालोनी निवासी जागेश्वर राव ने योगेश साहू के खिलाफ मारपीट कर हाथ तोड़ने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि संजय यादव के पास वह कुल्फी बेच रहा था। योगेश ने उससे एक कुल्फी मांगकर खाई। कुल्फी का पैसा मांगने पर योगेश ने जागेश्वर के साथ मारपीट कर हाथ तोड़ दिया।

### स्वास्थ्य केंद्रों में नेशनल हेल्थ कार्यक्रमों की होगी समीक्षा

**रायपुर।** स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की निगरानी होगी। राज्य स्तर पर जारी आदेश के आधार पर रायपुर जिले में बीस सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। कमेटी निरीक्षण और समीक्षा के बाद रिपोर्ट बनाकर अफसरों को सौंपेंगी।

## अवैध प्लाटिंग के दो हफ्ते में 30 से ज्यादा मामले, पुलिस में नहीं पहुंचा एक भी केस

# जमीन के अवैध कारोबार पर बुलडोजर चल रहा, पर एफआईआर दस्तावेजों में उलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिले में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए कार्रवाई करने का निर्देश जिला प्रशासन ने दिया है। पिछले दो सप्ताह से लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक खसरा को कई टुकड़ों में बांटकर उसे बेचने और वहां कालोनियां बनाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन एफआईआर के मामले में प्रशासन ठिठका हुआ है। पिछले दो सप्ताह में 30 से 40 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है, लेकिन इनमें से एक भी प्रकरण पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पिछले साल तकरीबन 35 मामलों में केस दर्ज हुआ था।

### ....इसलिए नहीं कराते लेआउस पास

अवैध प्लाटिंग मामले में रोक लगाने के अलावा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती। इसके कारण कालोनाइजर भी रोक लगाने के कुछ साल तक शांत बैठ जाते हैं। जैसे-जैसे मामला ठंडा होता जाता है, वैसे-वैसे कालोनाइजर अपनी जमीन पर फिर अवैध प्लाटिंग का काम शुरू कर वहां कालोनी का निर्माण कराना शुरू कर देते हैं। शहर में ऐसी कई अवैध कालोनियां बन चुकी हैं, जहां अभी भी बिजली, पानी, सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत ▶▶|शेष पेज 13 पर



### सैकड़ों प्रकरण थानों में लंबित

अवैध प्लाटिंग के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए संबंधित जमीन का खसरा नंबर के साथ सीमांकन और बटांकन के दस्तावेज होना जरूरी है। इन दस्तावेजों के साथ शिकायत करने पर ही पुलिस एफआईआर दर्ज करती है, लेकिन लंबित ऐसे सैकड़ों प्रकरण हैं, जिनमें थानों में आवेदन तो दिए गए हैं, लेकिन इन दस्तावेजों के नहीं होने के कारण एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है।

### जोन 10 क्षेत्र के 83 में एक भी प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं

अवैध प्लाटिंग के पुराने प्रकरणों में जोन-10 कार्यालय से करीब 83 प्रकरणों पर एफआईआर कराने के लिए टिकरापारा और मुजगहन थाने में आवेदन दिए गए हैं। इसमें एक प्रकरण में भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। इसका कारण निगम ने आवेदन के साथ सीमांकन-बटांकन के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।

### सिर्फ 5 प्रकरण में एफआईआर

एक साल पहले पहले भी जिलेभर में प्रशासन के निर्देश पर जमकर अवैध प्लाटिंग के मामलों में रोक लगाने की कार्रवाई की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान कुल 215.6477 हेक्टेयर भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाते हुए 1005 खसरा नंबरों को ब्लाक करने की कार्रवाई की गई थी, जिसके कारण इन जमीनों की रजिस्ट्री रुक गई थी। इस कार्रवाई से जमीनों के मालिक और कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया था। सूत्रों के अनुसार ब्लाक करने के बाद इनमें से 5 प्रकरण में एफआईआर दर्ज हुई थी तथा अन्य प्रकरणों में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण इन ब्लाक खसरा नंबर की कुछ जमीन पर कई मकान बन चुके हैं।

### एफआईआर कराने से बच रहा प्रशासन

अवैध प्लाटिंग मामले में प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जमीन के मालिक अगर रोक लगाने के बाद भी जमीन का वैध रूप से लेआउट पास नहीं कराता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाए। इस निर्देश का न ही नगर निगम प्रशासन पालन कर रहा है और न ही तहसील कार्यालय। निगम और ग्रामीण क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर अब तक जितने प्रकरण सामने आए हैं, इनमें से एक प्रकरण पर भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

### *निगम का एक भी आवेदन नहीं मिला*

*निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के मामले में निगम ही एफआईआर कराएगा। वर्तमान में जारी कार्रवाई में अब तक एक भी प्रकरण में निगम ने सीमांकन-बटांकन के दस्तावेज नहीं मांगे हैं। मांगेंगे तो जरूर देंगे, क्योंकि बिना दस्तावेज के एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती।*

*- **नंदकुमार चौबे,** एसडीएम, रायपुर*

### *नए प्रकरण में एफआईआर की प्रक्रिया जारी*

*मार्च 2023 में हुई कार्रवाई के 35 प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई गई है। नए प्रकरणों में एफआईआर कराने की प्रक्रिया जारी है।*

*- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त नगर निगम रायपुर*

### *लेआउट पास नहीं होने पर रजिस्ट्री रद्द होगी*

*पूर्व में जितने खसरा नंबरों को ब्लाक किया था, वे सभी अभी भी ब्लाक हैं। नियम में है अवैध प्लाटिंग करने वाला अगर जमीन का वैध रूप से लेआउट पास नहीं कराता है, तो जमीन की रजिस्ट्री भी रद्द होगी।*

*- **कीर्तिमान सिंह राठौर** अपर कलेक्टर*

## गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की घटना

# शराब पीने से रोका तो बेटे ने पिता को चाकू घोंपा, अस्पताल में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एक बेटा ने अपने ही पिता पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वजह पिता द्वारा अपने बेटे को शराब पीने से रोकना बताया जा रहा है। मृतक के छोटे बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के छोटे बेटे ने पुलिस को बताया है कि उसका बड़ा भाई आदतन शराबी है, शराब के नशे में वह पिता के साथ आए दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है।

- छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पार्वती नगर निवासी राज नायक की शिकायत पर पुलिस ने बसंत नायक को उमेंद्र की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज ने पुलिस को बताया है कि वह सिटी बस डिपो में मेकैनिक का काम कर करता है। राज अपने पिता, बड़े भाई बसंत तथा बहन के साथ किराए के मकान में रहता है। राज ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह खाना खाने के बाद टहलने के निकल गया। टहल कर राज लौटा तो ऊपर के कमरे से झगड़ा होने की आवाज सुनकर ऊपर कमरे में गया, तो उसने देखा उसके बड़े भाई बसंत ने पिता उमेंद्र के सीना, पसली तथा कमर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आए दिन शराब पीकर करता था विवाद

पुलिस के अनुसार बसंत छोटे-मोटे काम करता था। वह आदतन शराबी है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बसंत शराब के नशे में अपने बाप के अलावा घर के अन्य सदस्यों के साथ भी विवाद करता था, इसके कारण उमेंद्र अपने बेटे बसंत को शराब पीने से रोकने टोकाटाकी करता था। इसी बात से नाराज होकर बसंत ने अपने पिता की हत्या कर दी।

## सफाई कर्मियों ने मारपीट का किया विरोध

# 200 सफाई गाड़ियां खड़ी, शहर के आधे से ज्यादा इलाकों से नहीं उठा कचरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य कर रहे सफाई कर्मचारी मंगलवार को अपने साथी के साथ मारपीट की घटना से नाराज होकर हड़ताल पर चले गये। इसकी वजह से बुधवार को शहर के 70 फीसदी हिस्सों में कचरा कलेक्शन प्रभावित रहा, जबकि 30 फीसदी हिस्सों में गोकुलनगर कलेक्शन पाइंट से 68 गाड़ियां कचरा कलेक्शन करने निकलीं। दलदल सिवनी पाइंट की करीब 200 गाड़ियों के सफाई मित्रों ने अपनी गाड़ियां दलदल सिवनी स्थित ▶▶|शेष पेज 13 पर

- वेतन वृद्धि भी मांगी, महापौर ढेबर पहुंचे समझाने

### लौटने की उम्मीद

सफाई मित्रों की लंबित मांग क्लीयर करने में लगे हैं। गुरुवार को इनके काम पर लौटने की उम्मीद है।

-अबिनाश मिश्रा आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### महापौर ने सफाई मित्रों से की चर्चा

दोपहर बाद महापौर एजाज ढेबर ने संकरी पहुंचकर रामकी के सफाई मित्रों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली और कहा कि सफाई मित्र के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उनकी वेतन वृद्धि की मांग पर भी विचार होना चाहिए। इसके साथ ही सफाई कार्य के दौरान सुरक्षा संबंधी किट उपलब्ध कराने की उनकी मांग सही है।



### आज जवाब सबमिट करेंगे

सफाई मित्रों के काम करने की स्थिति को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है। हमारी संस्था समय पर और अच्छी सैलेरी कर्मचारियों को दे रही है, इसलिए सैलेरी का कोई इशू नहीं है। निगम से मिले नोटिस वाला लेटर कांट्रेक्ट टीम को भेज दिया है। गुरुवार को जवाब मिलते ही इसे सबमिट कर देंगे।

- योगेश कुमार, सिटी हेड रामकी कंपनी

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एम्स के द्वितीय दीक्षांत में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार छात्रों को गोल्ड मेडल और पांच सौ से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेंगी। बतौर मुख्य अतिथि उन्हें जुलाई के पहले पखवाड़े में होने वाले दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया गया है। दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए एम्स में विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया है।

- चार को गोल्ड मेडल, पांच सौ से ज्यादा छात्रों को दी जाएगी डिग्री

एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और उषा जिंदल ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में एम्स के द्वितीय दीक्षांत समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि एम्स के लिए यह गौरव का क्षण है कि द्वितीय दीक्षांत समारोह के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति से दीक्षांत समारोह में मुख्य अभिभाषण के साथ स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए भी अनुरोध किया है। अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में एमबीबीएस के 203 छात्रों (2017 और 2018 बैच), बीएससी (नर्सिंग) की 116 छात्राओं (2018 और 2019 बैच), एमडी/एमएस/एमडीएस के 143 और डीएम/एमसीएच की 14 डिग्री प्रदान की जाएगी। समारोह में कुल 509 छात्रों को डिग्री दी जाएंगी। इसके साथ ही चार छात्रों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह के सुचारू आयोजन के लिए एम्स की ओर ▶▶|शेष पेज 13 पर



## अमलेश्वर में पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन

# प्रवचन सुनने जाने वालों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से सटे अमलेश्वर में रविवार से कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। इस आयोजन में प्रवचन सुनने आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ ही रायपुर से अमलेश्वर आने जाने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम से बचने वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी है।

- जाम से बचने वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की सलाह

ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के मुताबिक कथा स्थल अमलेश्वर थाना के सामने मुख्य मार्ग में आयोजित है।





सामान्य दिनों में भी रायपुरा चौक से महादेव घाट रोड पर यातायात का दबाव रहता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालु ट्रैफिक जाम में न फंसें, इसलिए श्रध्दालुओं को ट्रैफिक जाम से बचने रायपुर की ओर से कथा स्थल तक पहुंचने के लिए इन निर्धारित मार्ग से आने-जाने की सलाह दी है।

### इस मार्ग से आवाजाही

अमलेश्वर कथा स्थल जाने श्रद्धालु भाठागांव चौक होते हुए काठाडीह मार्ग से खुड़मुड़ा नदी पुल होते हए उफरा से अमलेश्वर आना-जाना कर सकते हैं। इसके साथ ही टाटीबंध से कुम्हारी चौक होते हुए परसदा, मगरघटा, भोथली, एमटी वकशॉप मार्ग से श्रद्धालु कथा स्थल आना-जाना कर सकते हैं।

# दो अलग-अलग मामलों में तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** निजात अभियान के तहत मंदिर हसौद तथा टिकरापारा थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े 14 किलो गांजा जब्त किया है।

पुलिस के मुताबिक मंदिर हसौद चौक के पास आरंग से दोपहिया में गांजा ला रहे शेख आशिक तथा शेख आबिद को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इसी तरह टिकरापारा थाने की पुलिस ने भाठागांव निगम आफिस के पास





ओडिशा, कोरापुट निवासी टुनू गाकड़ी को गंजा के साथ गिरफ्तार किया है।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कुसमुंद में मनाई गई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**आरंग।** नगर पंचायत समोदा के अंतर्गत कुसमुंद में राजीव गांधी चौक पर भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई। उक्त अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर नंदकुमार साहू,, तोमान साहू, नारायण साहू, चुरामन दास मानिकपुरी, सियाराम साहू, योगेंद्र साहू, परदेशी साहू, घनश्याम साहू, सेवक साहू, नानुक निषाद, हेमचंद निषाद, राजकुमार निषाद, संतराम साहू, जीतराम साहू, बाबूलाल साहू उपस्थित थे।

### तेज आंधी में गिरा प्रतीक्षालय स्टैंड



**आरंग।** अकोली मार्ग पर डीडी कालोनी और अटल विहार कालोनी आरंग की महिलाओं व बच्चों के लिए बनाया गया प्रतीक्षालय स्टैंड तेज आंधी तूफान में पीछे की ओर लुढ़क गया।

### विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने की जनता से मुलाकात



**आरंग।** रायपुर लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बुधवार को अपने क्षेत्रवासियों के साथ आरंग के माई की बगिया में जनता संग भेंट (मुलाकात) की। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान जनता ने अपनी समस्या रखी। इसे विधायक ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान भी किया। इस अवसर पर आरंग क्षेत्र के जनमानस के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नारा में तीनदिवसीय अखंड रामायण समारोह 24 से

**आरंग।** ग्राम नारा में जागृति बाल समाज रामायण मण्डली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान राम जानकी मंदिर में 24 से 27 मई तक अखण्ड त्रिदिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। रामायण समारोह में भाग लेने वाली प्रत्येक मानस मंडली को आयोजक रामायण मण्डली द्वारा 1111 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में भेट कर सम्मानित किया जाएगा।

### युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान



**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा रेलवे स्टेशन में युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी कर ली।
इस घटना में युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। रेलवे पुलिस के अनुसार युवक की पहचान नितेश कुमार, फिंगेश्वर गरियाबंद निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद स्टेशन के यात्रियों में हड़कंप मच गई। पटरी पर युवक का शव घंटों पड़ा रहा। रेलवे पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### शराब परिवहन करते दो युवक गिरफ्तार





**तिल्दा-नेवरा।** अभियान निजात के तहत थाना तिल्दा-नेवरा में अवैध शराब परिवहन करते दो आरोपी अलग अलग प्रकरणों में गिरफ्तार किए गए।
गिरफ्तार आरोपी में राहुल निषाद पिता ईश्वर निषाद 20 वर्ष वार्ड 7 मोहभट्ठापरा नेवरा से 40 पौवा और राजकुमार यादव पिता अशोक यादव 35 वर्ष पता वार्ड क्रमांक 11 गोवर्धन नगर नेवरा के कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# समर कैंप के दौरान बच्चों में दिखा गजब का उत्साह सीख रहे विविध कलाएं

## ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर रहे हैं बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी बच्चों के अंदर शैक्षिक अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, मंगलवार को उच्च अधिकारी संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचनालय राकेश पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे ने विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इस आयोजन की सफलता के टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की रुचि के अनुसार उनकी प्रतिभा को निखारने का यह बेहतर माध्यम हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समर कैंप में मैजिक मैथ्स, भाषाई कौशल, नृत्यकला संगीत, चित्रकला, अभिव्यक्ति कौशल खेल–खेल में शिक्षा, मेहंदी कला, ग्रुप एक्टिविटीज, सामान्य ज्ञान जैसी रोचक गतिविधियां उभर कर सामने आ रही है। साथ ही उच्च अधिकारियों ने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए रोचक वातावरण में समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जेडी सर एवं डीईओ सर ने मातृसदन सदन हायर सेकेंडरी स्कूल मंदिरहसौद, हायर सेकंडरी स्कूल परसदा, हायर सेकंडरी स्कूल लखौली के समर कैंप की गतिविधियों का जायजा लिया। वही विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे ने शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल छतौना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मंदिर हसौद, प्राथमिक शाला गोढ़ी में बच्चों एवं शिक्षको से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों में समर कैंप के प्रति गजब का उत्साह देखा। उन्होंने सभी संकुल समन्वयकों के माध्यम से अन्य विद्यालयों में भी समर कैंप आयोजित होने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य राज्यश्री गुप्ता, केशव वंदे, सेवकराम पाटिल, वंदना पाटिल, प्रकाश सोनवानी, सीएसी परमेश्वर चतुर्वेदानी, सीएसी प्रफुल्ल मांझी सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## आस्था : राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने जोड़ा जैतखाम में चढ़ाया पालो

# गिरौदपुरी के अमर गुफा धाम में जैतखाम की विधि-विधान से की गई पुनः स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गिरौदपुरी धाम के पावन स्थल अमर गुफा धाम में सतनामी समाज के प्रतीक सेतखाम को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया था। परम्-पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी को स्मरण कर विधि–विधान से जैतखाम को पुनः स्थापित किया गया।

राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब द्वारा जोड़ा जैतखाम में पालो चढाया गया। इस अवसर पर राजमाता गुरुमाता प्रवीण, राजागुरु ढालदास साहेब, राजागुरु एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और युवराज गुरु सौरभ साहेब अखिल भारतीय सतनाम सेना छत्तीसगढ सहित संत समाज सर्वसमाज बड़ी संख्या में इस स्वर्णिम क्षण का साक्षी बने। इस दौरान शासन प्रशासन के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



आपको बता दें कि गत 15 मई को कुछ अज्ञात लोगों ने अमर गुफा के पास बने जयस्तंभ को आरी से काट दिया था और वहां लगे झंडे व गेट को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसे लेकर संत समाज में जमकर आक्रोश था। घटना के बाद समाज के लोगों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी व कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की थी। इधर घटना की जानकारी लगते ही आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के लोगों से विश्वास दिलाया था कि आरोपी कोई भी हो जल्द से जल्द ही पकड़ लिया जायेगा।

### आरोपी गिरफ्तार

*विधायक खुशवंत साहेब ने कलेक्टर और एसपी से फोन पर बात कर आरोपियों को तत्काल पकड़ कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और पुलिस के द्वारा लगातार पतासाजी शुरू की गई। इधर घटनास्थल से कुछ दूर पहले बन रहे हैं पानी टंकी के कर्मचारियों से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसके बाद उन्होंने घटना करना स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।*

# दसवीं में विनीता और बारहवीं में यमुना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ खौली स्कूल में 82 प्रतिशत रहा 10वीं का परीक्षा परिणाम

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामलाल चंद्राकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 81.92 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी से 35 व द्वितीय श्रेणी से 33 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी क्रम में कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 87.77 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम श्रेणी 45 व द्धितीय श्रेणी से 34 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है।

कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय से यमुना यादव 85.8 प्रतिशत प्रथम, जागृति 83.40 प्रतिशत द्वितीय, विज्ञान संकाय से सोनाली चंद्राकर 83.20 प्रतिशत प्रथम, चेतना वर्मा 82.02 प्रतिशत द्वितीय रहे। वहीं धनेश्वरी साहू ने 81.60 प्रतिशत, विश्वप्रताप चेलक 79.40 प्रतिशत, भुनेश्वरी 78.80 प्रतिशत, तुषार कुमार 78.60 प्रतिशत, देविका चंद्राकर 78.60 प्रतिशत, सिमरन 77.40 प्रतिशत, मिथलेश वर्मा 77.00 प्रतिशत, निधि साहू 72.60 प्रतिशत, चंदन यादव 72.40 प्रतिशत, खिलेश्वरी साहू 71.40 प्रतिशत, गरिमा निर्मलकर 70.60 प्रतिशत, पल्लवी 70.00 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा दसवी में विनिता चंद्राकर 93.66 प्रतिशत प्रथम, दिपिका चंद्राकर 90.66 प्रतिशत द्वितीय, मानसी वर्मा 85.83 तृतीय व रश्मि वर्मा 83.83 प्रतिशत, डेकेश्वरी धीवर 82.50 प्रतिशत, विद्या 82.16 प्रतिशत, कृति डान्डेकर 81.83 प्रतिशत, योगिता 81.50 प्रतिशत, कविता 78.33 प्रतिशत, ईशा 77.66 प्रतिशत, अराधना 77.50 प्रतिशत, भारती 75.66 प्रतिशत, पुनम वर्मा 75.00 प्रतिशत, भुनेश्वरी यादव 74.33 प्रतिशत, मंजुला 74.16 प्रतिशत, शुभम बंदे 71.00 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता–पिता को गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई दी।

# डाइट रायपुर के प्रतिनिधियों ने देखी पौंसरी की बालवाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

■ बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शाला में कक्षा एक को पढ़ाने वाले शिक्षक मिलकर पढ़ाएंगे

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर द्वारा जिले में संचालित चिन्हांकित बालवाडियों का निरीक्षण कर योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली जा रही है। ताकि योजना के क्रियान्वयन में आवश्यक अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा सके । इसी क्रम में बलौदाबाज़ार जिला अंतर्गत विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी के बालवाड़ी केंद्र का अकादमिक निरीक्षण किया गया । जिसमें डाइट रायपुर के शिक्षाविद छबिराम साहू , केके साहू, सुमिता सिकरवार,नीरजा,बीआरसी एस के पाटकर, संकुल समन्वयक अशोक देवांगन, प्रधानपाठक पुष्पलता नायक , बालवाड़ी प्रभारी शिक्षिका भारती वर्मा, आंगनवाडी कार्यकर्त्ता दुर्गा सेन,सुलोचना सहित बच्चों के पालक व समुदाय के लोग उपस्थित रहे ।



डाइट रायपुर के शिक्षाविद छबिराम साहू ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को राज्य में लागू किया गया है । इसके अंतर्गत पूर्व प्राथमिक कक्षाओं को राज्य में छत्तीसगढ़ बालवाड़ी योजना का नाम दिया गया है । राज्य में इस योजना के तहत 5 से 6 साल तक के बच्चों के लिए बालवाड़ी संचालित की जा रही है।

ऐसे शाला परिसर जहां पर आंगनवाड़ी संचालित है, उनको शामिल किया गया है। बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शाला में कक्षा एक को पढ़ाने वाले शिक्षक मिलकर पढ़ाएंगे । बच्चों को खेल-खेल में रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। छत्तीसगढ़ बालवाड़ी योजना बच्चों के सीखने और समझने के लिए एक रोचक एवं खुशहाल वातावरण बनाएगी। ताकि बच्चों के दिमाग का खेल-खेल में विकास किया जा सके। क्योंकि वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के दिमाग का 85% विकास बाल्यावस्था में ही हो जाता है।

### प्रश्नावली के माध्यम से लिया प्रतिवेदन

*प्रशासक प्रतिनिधि के रूप में बीआरसी सिमगा, संकुल समन्वयक , समुदाय के रूप में शाला विकास समिति के सदस्यों से प्रश्नावली के माध्यम से प्रतिवेदन लिया गया । शाला की बालवाड़ी प्रभारी शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि डाइट रायपुर के शिक्षाविदों निरीक्षण के दौरान बालवाड़ी के लिए शासन द्वारा प्रदाय सामग्रियों का अवलोकन किया। के साथ शिक्षिका के द्वारा तैयार किये गए जादुई पिटारा व खेल खिलौना संग्रहालय को भी देखा गया । इसके अलावा डाइट प्रतिनिधियों के द्वारा बालवाड़ी के बच्चों, बच्चों के पालकों, बालवाड़ी प्रभारी शिक्षिका व कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# मृदा कला से लेकर नृत्य संगीत सीख रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी कुर्रे के निर्देशानुसार ब्लॉक में समर कैंप की गतिविधियां जारी है। इसी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला घोट, प्राथमिक शाला सिवनी, प्राथमिक शाला पंधी, पूर्व माध्यमिक शाला मालीडीह आदि में विद्यार्थी नृत्य संगीत के साथ मिट्टी के खिलौने बनाना, आकर्षक रंगोली बनाना, खेल के माध्यम से शिक्षा, चित्रकला, कहानी वाचन आदि विधाओं से परिचित हुए। ज्ञात हो की




विकासखंड आरंग में अपने–अपने स्तर के अनुसार समर कैंप की गतिविधियां जारी है एवं धीरे–धीरे बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ रही है, जिसका निरीक्षण बीईओ टीम के द्वारा भी सतत किया जा रहा है।

# पारागांव में संचालित होगा समर कैंप



**आरंग।** संकुल केन्द्र पारागांव में प्राचार्य जीआर टण्डन ने उच्च अधिकारी के आदेशानुसार आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व तैयारी एवं समर कैम्प संचालित करने संकुल के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, अशासकीय शालाओं के प्रधानपाठकों की बैठक ली। उन्होंने बच्चों के बौद्धिक विकास एवं रचनात्मक कार्यों के लिए प्रातः 7 से 9 बजे तक समर कैम्प लगाए जाने की बात कही। इस अवसर पर बच्चों ने चित्रकारी, कहानी लेखन कार्य में भाग लिया। बैठक में व्याख्याता दिलीप कुमार सूलेमान, शिक्षक निर्मल कुमार पटेल, नरेन्द्र कुमार चंद्राकर, विश्राम प्रसाद बंजारे, रंजीत टोप्पो, उषा पटेल, प्रमिला चंद्राकर, सरिता चंद्राकर उपस्थित रहे।

# भानसोज में समर कैंप का बीईओ ने किया निरीक्षण

**आरंग।** पीएम श्री स्कूल भानसोज में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनपी कुर्रे व संकुल समन्वयक परमेश्वर चतुर्दानी ने समर कैंप में चल रहे विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कौशल आधारित शिक्षा तथा मूलभूत साक्षरता संख्यात्मकता ज्ञान पर विशेष जोर देने की बात कही। बच्चों ने स्व–निर्मित गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य केआर बंदे, उप प्राचार्य वंदना एस. पाटिल, व्याख्याता सेवकराम पाटिल, सीएससी धनंजय कुमार साहू, राजेश कुमार बंजारे, कार्यक्रम प्रभारी संस्था प्रमुख डीडी पाटिल, प्रवीण कुमार सोनवानी, भगवती साहू, राजेश्वरी शर्मा, अरुण कुमार पटेल, कपिलेश्वर बंजारा, करमचंद सोनवानी, शिक्षक परमेश्वरी कोसले, मेघा कोसले, कोरियोग्राफर राकेश निर्मलकर, वासु, संगीत गायन विशेषज्ञ रूपेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को धरातल पर उतारने की तैयारी

# बालवाड़ी केंद्रों के शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से प्रदेश भर में संचालित बालवाड़ी केंद्रों के शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। इसी क्रम में बीआरसीसी आरंग के संयोजन एवं मार्गदर्शन में विकासखंड में संचालित समस्त बालवाड़ी केंद्रों के शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को प्रातः 10 बजे बीआरसीसी मातली नंदन वर्मा, सीएसी जितेन्द्र शुक्ला की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में एनईपी 2020 पर समस्त प्रशिक्षार्थियों से बातचीत हुई, जिसमें 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बालवाड़ी संरचना किस प्रकार किन उद्देश्यों से की गई है इस पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में एनईपी, ईसीसीई में



उल्लेखित तीनों विकासात्मक लक्ष्यों "बच्चे का बेहतर स्वास्थ्य, बच्चा कुशल संप्रेषक बने, बच्चा अपने आसपास के वातावरण से जुड़े और परिवेश से स्वयं से सीखे" इस पर चिंतन हुआ एवं इसके साथ ही बालवाड़ी में बच्चों के साथ किस प्रकार की गतिविधि की जाए इस पर बातचीत के अलावा सीधे गतिविधि भी प्रशिक्षार्थियों द्वारा की गई। द्वितीय दिवस में डाइट रायपुर की टीम का आगमन भी हुआ। जिनमें प्रमुख रूप से श्रीवास्तव मैडम, देशपांडे मैडम एवं वैद्य मैडम शामिल रहीं। उनके द्वारा प्रशिक्षण पर संतुष्टि जताते हुए प्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा भी की और कुछ महत्वपूर्ण बातें अपनी ओर से भी जोड़ी। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में भाषा विकास एवं संख्याकता पर बात हुई कि किस प्रकार बालवाड़ी के बच्चों में मौखिक भाषा विकास एवं संख्यात्मकता विकास किया जाए। इस क्रम में एनसीएफ अंतर्गत उल्लेखित भाषा एवं गणित के चार ब्लॉक मॉडल पर भी चर्चा एवं गतिविधि हुई। तृतीय दिवस में थीम पर पुनः संक्षिप्त में चर्चा हुई, उसके पश्चात थीम अधारित गतिविधियों की प्रस्तुति अलग–अलग समूहों में प्रशिक्षार्थियों द्वारा मास्टर ट्रेनर्स के मार्गदर्शन की गई। पूरे प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में दीपक दुबे, किशोर शर्मा एवं राजमोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पूरे प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षार्थी पूरी ऊर्जा और समर्पण भाव से जुड़े रहे एवं प्रतिदिन उनके द्वारा प्रतिवेदन और गतिविधियों की प्रस्तुति भी की गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को बीआरसीसी मातली नंदन वर्मा, सीएसी जितेंद्र शुक्ला, दीपक दुबे की उपस्थिति में किया गया। समापन अवसर पर बीआरसीसी वर्मा सर द्वारा मास्टर ट्रेनर्स एवं व्यवस्था से जुड़े सभी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया।

# शिमला के पुलबहाल में छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी नेत्रियों ने संभाला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

शिमला में छत्तीसगढ़ की पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया व पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना रहीं हैं। शिमला लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार अभियान लगातार जारी है। यहां पर पुलबहाल ग्राम पंचायत में अनिल भेड़िया व छाया वर्मा ने अपने उद्बोधन में लोकतंत्र व संविधान को बचाने कांग्रेस को वोट देने अपील की।

उक्त दोनों कांग्रेसी नेत्रियों ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाला है। साथ ही उनके नेतृत्व में सघन प्रचार अभियान शिमला लोकसभा क्षेत्र में जारी है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने की कृषि सहित अन्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**रायपुर**। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में कृषि, मछलीपालन और उद्यानिकी विभाग के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग से संबंधित खरीफ बीज के साथ खाद, यूरिया, डीएपी का भंडारण तेजी करने के साथ इसका वितरण भी किसानों को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने कीटनाशक, उर्वरक में गुणवत्ता लाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जाएं। उन्होंने उद्यानिकी फसलों का भी बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा नेता का व्यापारियों को टैक्स चोर कहना निंदनीय

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा नेता द्वारा व्यापारियों को टैक्स चोर कहना निंदनीय है। ये वही व्यापारी हैं, जिनके द्वारा दिये गए टैक्स से राज्य का खजाना भरता है और विकास कार्य होता है। व्यापारी वर्ग अनियमित जीएसटी पर केंद्र सरकार से कई बार गुहार लगा चुका है। कई सुझाव दिए, लेकिन



उस पर केंद्र सरकार ने अमल नहीं किया। आज जो जीएसटी का छापा व्यापारियों के यहां पड़ रहा है, यह सिर्फ भाजपा की वसूली के लिए पड़ रहा है। उन्होंने कहा, जीएसटी लागू की गई, तब कांग्रेस ने इसके कई स्लैब और कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए थे। पूरे देश में व्यापारी वर्ग भी इसके खिलाफ रहा है। जीएसटी पर अब तक 3000 से अधिक सुधार के बावजूद समस्या निरंतर बनी हुई है। भाजपा नेता इसे लेकर केंद्र सरकार की नाकामी को ढकने सीधा-सीधा व्यापारी को ही टैक्स चोर कह रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद व्यापारी, बिल्डर, उद्योगपतियों पर दबाव डालकर वसूली की जा रही है। भाजपा नेताओं द्वारा व्यापारी, बिल्डर, उद्योगपतियों को धमकाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कांग्रेस ने व्यापारियों की इस समस्या को समझते हुए केंद्र में सरकार बनने पर जीएसटी का सरलीकरण और सुविधाजनक बनाने का वादा किया है।

### नगरीय निकायों से अब ट्रेड लाइसेंस मिलेगा ऑनलाइन

State Urban Development Agency Chhattisgarh

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में अब व्यापार अनुप्ति (ट्रेड लाइसेंस) ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मिलेगा। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं को नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है। बताया गया है कि यह बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान 2024 के तहत किया जा रहा है। इस मामले को लेकर सूडा ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के प्रमुखों से कहा है कि निकायों द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यापार अनुज्ञप्ति के लिए निर्धारित शुल्क की जानकारी एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में जारी व्यापार अनुज्ञप्ति की जानकारी दें। निकायों से पूछा गया है कि वर्तमान में उनके द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है या नहीं। 1 अप्रेल 2023 से 31 मार्च 2024 तक कितनी व्यापार अनुज्ञप्ति ऑफलाइन और ऑनलाइन जारी की गई है। दोनों तरह से व्यापार अनुज्ञप्ति जारी करने पर कितना शुल्क मिला है। यह जानकारी तीन दिनों के भीतर देने कहा गया है।

# वित्त मंत्री चौधरी ने कहा- आम जनता को सुविधा देने रजिस्ट्री प्रक्रिया में सुधार के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण को लेकर कहा, पूरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को टेक्नालॉजी से आसानी से सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

जीएसटी चोरी पर उन्होंने कहा, जो भी सरकारी सप्लाई है, जिस भी क्षेत्र में हम ईमानदार टैक्सपेयर को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं, सभी से उम्मीद है कि टैक्स दें, जिससे प्रदेश का विकास होगा। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, व्यवस्था में जो कुछ गड़बड़ियां हैं, जिस कारण से लोगों को गड़बड़ी करने का मौका मिलता है, उन पर सुधार की दिशा में भी बड़े स्तर पर परियोजना बनाई जा रही है। उससे निश्चित रूप से लोगों को लाभ होगा। टेक्नालॉजी का प्रयोग करते हुए प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाएगी, जिससे सुविधाओं में वृद्धि होगी।

#### चुनाव में मोदी के नाम की सुनामी

भाजपा प्रवेश अभियान पर उन्होंने कहा, प्रदेश में तीन बार छत्तीसगढ़ का जनादेश मिला है। लोकसभा में भी रिकॉर्ड सीटें मिली हैं। पीएम मोदी के नाम की सुनामी इस चुनाव में देखने मिल रही है। सभी भाजपा को आशीर्वाद देने जरूर आऐंगे।

#### बैज के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं

भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस नेताओं को पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के डिस्पोजल कहने पर मंत्री ओपी चौधरी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, बीजेपी का परिवार जिस तरह से बढ़ा है, पूरे देश ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा है। 18 करोड़ से अधिक सदस्यों की पार्टी बनकर सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का दर्जा भाजपा को मिला है। बीजेपी अभियान के तहत विदेश के लोग भी भाजपा को समझने आते हैं। कांग्रेस एक डूबती नाव है। अगर उनके अध्यक्ष किसी भी चीज पर टिप्पणी करते हैं, तो उनके सर्टिफिकेट की भाजपा के कार्यकर्ताओं को जरूरत नहीं है।

## तकनीक का प्रयोग कर पारदर्शिता लाई जाएगी

#### मोदी नाम की सुनामी को बताया बनावटी

कांग्रेस नेता और अभनपुर के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने मोदी की सुनामी पर तंज कसते हुए कहा, बीजेपी जानबूझ कर वातावरण बनाती है। जनता जानती है कि भाजपा फर्जीवाड़ा कर नैरेटिव बनाती है। आज भी वातावरण इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, पीएम के स्तरहीन बयान उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नहीं हैं। ये दर्शाता है कि चार जून को भाजपा सरकार नहीं बन रही, इसीलिए अपने पक्ष में षड्यंत्र रच कर वातावरण बना रहे हैं।



#### बीजेपी के 310 सीटों पर जीत के अनुमान पर कसा तंज

कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने बीजेपी द्वारा 310 सीटें जीतने के अमित शाह के अनुमान पर तंज कसते हुए कहा, उनका बयान ही बता रहा कि वे षड्यंत्र करने पर उतर गए हैं। पहले भी देखा है, ईवीएम और मतगणना पर गड़बड़ी की जाती है। एग्जिट पोल्स फेल होते हैं, लेकिन अमित शाह जो बोलते हैं वो हो जाता है। ये 400 का दावा करते हैं, इससे पता चलता है कि ये धांधली कर रहे हैं।

### हाईकोर्ट में आपत्ति की सुनवाई के बाद पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का रास्ता साफ

# आचार संहिता के बाद राज्य में भी पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के काम में तेजी आएगी। गौरतलब है कि एचएसआरपी वर्ष 2019 में लागू किया गया है। वर्ष 2019 के पूर्व खरीदे गए वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का आदेश है। इसे लेकर हाईकोर्ट में आपत्ति दर्ज की गई थी। आपत्ति की सुनवाई के बाद वर्ष 2019 के पूर्व में खरीदे गए वाहनों में अनिवार्य रूप से एचएसआरपी लगवाना होगा। वर्तमान में शोरूम से जो गाड़ियां बिक रही हैं, उन सभी वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाई जा रही हैं।

वाहनों की विशेष पहचान के लिए पूरे देश में वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का केंद्रीय मंत्रालय ने निर्णय लिया है। हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट का हर दो वर्ष में नवीनीकरण कराना होगा। पुराने नियमों के मुताबिक वाहनों का लाइफ टाइम टैक्स पटाकर लोगों को मुक्ति मिल जाती थी। हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का उद्देश्य वाहनों की चोरी रोकने के साथ किसी अपराध में वाहनों का इस्तेमाल होने पर वाहन के आधार पर आरोपी की पहचान करना है।




#### 70 लाख से ज्यादा वाहनों में एचएसआरपी

वर्तमान में पूरे राज्य में 90 लाख के करीब दोपहिया तथा चारपाहिया वाहन हैं, उनमें से वर्ष 2019 के बाद खरीदे गए 20 लाख के करीब वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट लगी हैं। इस लिहाज से 70 लाख के करीब वाहनों में एचएसआरपी लगाया जाएगा। परिवहन विभाग के अफसरों के मुताबिक पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाने का टेंडर जारी कर दिया गया है।

#### नंबर में छेड़खानी संभव नहीं

पुराने वाहनों में हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं होने की वजह से वाहन मालिक अपने वाहन की नंबर प्लेट में आड़े-तिरछे नंबर लिखवाते हैं, इनमें कई ऐसे होते हैं जो नंबर प्लेट में नंबर लिखवाने की जगह अपना नाम या पदनाम लिखवाते हैं। एचएसआरपी होने के बाद नंबर प्लेट में किसी तरह से छेड़खानी संभव नहीं होगी।

#### एचएसआरपी से यह फायदा

- हाई सेक्योरिटी नंबर प्लेट पर आइएनडी लिखा रहता है, साथ ही क्रोमियम प्लेटेड नंबर और इनबॉस होने के कारण इस नंबर प्लेट को रात के वक्त भी वाहनों पर कैमरे के जरिए नजर रखी जाती है।
- पहले अपराधी वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ छेड़छाड़ करके भी फायदा उठा लेते थे, लेकिन अब इन नंबर प्लेट या सेक्योरिटी नंबर प्लेट पर ऐसा करना संभव नहीं है।
- इन नंबर प्लेट पर लेजर इन प्रिंटिंग लगा है, जिससे किसी भी वाहन के बारे में कभी भी आसानी से पता लगाया जा सकता है।
- देशभर में हाई सेक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के साथ ही इंजन, चेसिस नंबर सहित तमाम यूनिक जानकारियां भी नेशनल डाटाबेस में हैं, इससे पूरे देश के वाहनों का एक सेंट्रलाइज्ड रिकॉर्ड है।
- इसमें स्नैप लॉक है, जिससे नंबर प्लेट लाक रहता है, यह खुल नहीं सकता। यदि किसी को नंबर प्लेट बदलना है, तो नई नंबर प्लेट लगानी पड़ेगी।

## सेजबहार हाल का मॉडल बनाकर कर्मियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में सेजबहार मतगणना हाल का मॉडल बनाया गया था, जिसमें डाकमत पत्र गणना टेबल, ईवीएम का गणना टेबल एवं वीवीपैट काउंटिंग बूथ में किस तरह से मतों की गणना करना है, इसकी जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अजीत हुंडैत ने कर्मियों को मतगणना में बरती जाने वाली सावधानियों और हर पहलुओं की बारीकियों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण कैंप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतगणना कर्मियों से कहा कि शॉर्ट प्रशिक्षण वीडियो और फ्लो चार्ट के माध्यम से मतगणना के प्रशिक्षण की बारिकियों को समझें तथा सभी कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और बेहतर स्किल के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने कर्मियों से कहा कि हर राउंड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर उज्ज्वल पोरवाल समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

विदित हो कि इससे पहले मतगणना ड्यूटी में लगे आरओ, डिप्टी डीईओ, एआरओ, एएआरओ, ईवीएम प्रभारी, पीबी नोडल, टेबुलेशन प्रभारी, सुरक्षा नोडल, टेक्निकल टीम, मास्टर ट्रेनर, डीआईओ एवं डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्र के अलावा बलौदाबाजार व भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अधिकारी भी शामिल हुए थे। कर्मियों का प्रशिक्षण कैंप 23 और 24 मई को भी होगा।

## कवर्धा हादसा, कांग्रेस ने किया प्रतिनिधिमंडल का गठन, मृतकों के परिजनों से करेगा मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कवर्धा के कुकदूर में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से भेंट करने के लिए कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने संगठन की ओर संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में नौ-सदस्यीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट करेगा।

सोमवार को बैगा आदिवासी समुदाय के 30 से 35 लोग अपने रोजगार यानी जीवनयापन के लिए तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए थे। तेंदूपत्ता तोड़कर सभी पिकअप वाहन में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे, इस दौरान पिकअप का ब्रेक फेल होने पर ड्राइवर वाहन से कूद गया। पिकअप बहपानी गांव के पास 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना से मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 9 लोग गंभीर रूप से



घायल हो गए थे। घटना के बाद घायलों को तुरंत कुकदूर सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां रास्ते में ही पांच लोगों की और मौत हो गई। वहीं बचे चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया, इसमें से एक गंभीर व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया।

**प्रतिनिधिमंडल में ये शामिल**

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, यशोदा वर्मा, हर्षिता स्वामी, ममता चंद्राकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी और होरी राम साहू शामिल हैं।

## राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से लाखों लोग चावल से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राशन कार्ड में अपनी फोटो छपवाने के लिए राशन कार्ड का नवीनीकरण करवाया, जिसका खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में 14 लाख से अधिक राशन कार्ड धारी हैं, जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है। जिन राशन कार्डधरियों का नवीनीकरण हुआ है, ऐसे 20 प्रतिशत लोग हैं, जिन्हें राशन कार्ड नहीं मिला है। उन्हें जिसके चलते उचित मूल्य की दुकान से चावल नहीं मिल पा रहा है। जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाया, ऐसे 56 लाख लोगों को बीते 3 माह से चावल नहीं मिल रहा है।

- कांग्रेस का दावा- 3 माह से गरीबों को भुगतना पड़ रहा खमियाजा

उन्होंने कहा, प्रदेश में कुल 77 लाख राशन कार्ड हैं। बीपीएल और एपीएल कार्ड धारी भी शामिल हैं। कांग्रेस की सरकार में उन्हें हर माह



35 किलो चावल मिलता था और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के चावल का भी अतिरिक्त वितरण किया जाता था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय मिलने वाले 35 किलो राशन में कटौती करके प्रति व्यक्ति 5 किलो कर दिया और राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से लाखों लोगों को चावल से वंचित कर दिया। जिनका नवीनीकरण हुआ, उनको भी चावल नहीं मिल रहा है। फिर भाजपा सरकार दावा कर रही कि प्रदेश के हर व्यक्ति को चावल दिया जा रहा है। भाजपा झूठा दावा कर रही है।

## मुख्यमंत्री साय ने किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर बात की है। उन्होंने छात्रों को खुद का ख्याल रखने और जरूरत होने पर छत्तीसगढ़ सरकार से संपर्क करने को कहा है। उहोंने कहा, इस विषम परिस्थिति में छत्तीसगढ़ और भारत सरकार उनके साथ खड़ी है।

श्री साय ने बिलासपुर जिले के मस्तूरी निवासी छात्र विजय और जांजगीर जिले की निवासी छात्रा शिवानी से बात कर उनका हालचाल जाना और खुद का ख्याल रखने को कहा। उन्होंने कहा, भारत सरकार, किर्गिस्तान सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। आप सभी चिंता न करें, छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम आपके साथ खड़ी है। छात्रों ने वहां माहौल के तनावपूर्ण होने की जानकारी दी। इस पर सीएम ने उन्हें खुद का ख्याल रखने को कहा। बच्चों ने बताया कि उन्हें हास्टल से निकलने की अनुमति नहीं है, उन्हें भोजन-पानी वहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

### साय बोले- चिंता की कोई बात नहीं, भारत सरकार किर्गिस्तान सरकार के सतत संपर्क में है




उन्होंने वापसी के लिए टिकटें बुक करा ली हैं। मुख्यमंत्री ने इस पर कहा, अगर कोई भी परेशानी हो, तो आप सभी छत्तीसगढ़ सरकार से अवश्य संपर्क करें। राज्य सरकार, भारत सरकार के सहयोग से आप सभी के सुरक्षित वतन वापसी को सुनिश्चित करेगी।

#### यह है घटना

गौरतलब है कि किर्गिस्तान में मिस्त्र की छात्राओं से छेड़छाड़ की घटना के बाद विवाद शुरू हुआ है। इसे लेकर स्थानीय छात्र हिंसक हो गए और खासकर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्रों के साथ हिंसा कर रहे हैं। इसके कारण वहां तनाव के हालात हैं। किर्गिस्तान में छत्तीसगढ़ के लगभग 70 विद्यार्थियों सहित भारत के लगभग पंद्रह हजार विद्यार्थी मेडिकल और अन्य विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं।

## बड़े मूल्य की रजिस्ट्री की जांच व परीक्षण करेगा सतर्कता प्रकोष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन एवं मुद्रांक संबंधित प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा त्रुटिपूर्ण निर्धारण होने पर उसकी पहचान तथा पुनर्मूल्यांकन की कोई सार्थक व्यवस्था नहीं थी। विभाग के राजस्व योगदान को बढ़ाने तथा किसी भी संभावित राजस्व अपवंचन को रोकने के लिए विभागीय मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक कार्यालय में एक सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। सतर्कता प्रकोष्ठ बड़े मूल्य की रजिस्ट्री की जांच एवं परीक्षण कर उसमें किसी भी संभावित कर अपवंचन का पता लगाएगा। विजिलेंस प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों, कारखानों के अधिग्रहण, समामेलन तथा स्वामित्व अंतरण के प्रकरणों में निर्धारित बाजार मूल्य एवं स्टांप शुल्क की जांच सतत रूप से की जाएगी। उप पंजीयक कार्यालय में 5 करोड़ से अधिक कीमत की रजिस्ट्री की संवीक्षा भी सतर्कता प्रकोष्ठ करेगा। सतर्कता प्रकोष्ठ अपने कार्यों के निष्पादन के लिए दूसरे विभागों से सहायता प्राप्त कर सकेगा, मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण भी कर सकेगा।

#### डेटा विश्लेषण टीम बनेगी

अत्याधुनिक तकनीक से डाटा एनालिसिस द्वारा सतर्कता प्रकोष्ठ को इनपुट उपलब्ध कराने एक विशेष डेटा विश्लेषण टीम की स्थापना सतर्कता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत की जाएगी। यह टीम पंजीयन दस्तावेजों से प्राप्त डेटा पर विश्लेषण कर संभावित कर अपवंचन (टैक्स चोरी) के प्रकरणों की जानकारी सतर्कता प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराएगी।

#### अन्य राज्यों की कर प्रणाली का करेगी अध्ययन

देश के दूसरे राज्यों तथा दूसरे कराधान विभागों में कर प्रणाली में समय-समय पर होने वाले परिवर्तन का अध्ययन एवं समायोजन भी सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा। सतर्कता प्रकोष्ठ की स्थापना से कर अपवंचन में प्रभावी रोकथाम तथा राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी।

### 301 लोगों को दी गई वैक्सीन की खुराक

## शिविर लगाकर हजयात्रियों का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हजयात्रा पर जाने वाले लोगों को शिविर लगाकर विभिन्न टीके लगाए गए। राज्य हज कमेटी की मदद से टीकाकरण का शिविर जेल रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। शिविर में 301 हजयात्रियों को वैक्सीन की खुराक दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर हज यात्रा-2024 में छ0ग0 राज्य से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के टीकाकरण सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं छ0ग0 राज्य हजकमेटी के संयुक्त



तत्वावधान में यहां 301 हजयात्रियों को ओरल पोलियो, मेनिनजाईटिस एवं इंफ्लुएंजा वैक्सीन लगायी गई है। साथ ही हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में जिला अस्पताल के चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई थी। शिविर में राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वीआर भगत भी पहुंचे और चिकित्सकीय टीम को आवश्यक निर्देश दिए। हज-यात्रियों के टीकाकरण शिविर के सफल संचालन के लिए डॉ. एसके भण्डारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ. संजीव मेश्राम जिला टीकाकरण अधिकारी जिला रायपुर, डॉ. निलय मोझरकर, वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ. अबरार आलम, चिकित्सा अधिकारी, छ.ग. राज्य हज कमेटी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गांधी उद्यान में आज मनाएंगे बुद्ध जयंती

**रायपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ऑल इंडिया समता सैनिक दल द्वारा 23 मई को भगवान गौतम बुद्ध की 2568वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 7.30 बजे बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर माल्यार्पण कर रैली के साथ प्रस्थान किया जाएगा। यह कार्यक्रम गांधी उद्यान स्थित बुद्ध प्रतिमा स्थल पर होगा। कार्यक्रम में भिक्खु महेंद्र, एमडी कावरे, रतनलाल डांगी, दीपक बंसोड़, डॉ. कल्पना, डॉ. आरके सुखदेवे आदि शामिल होंगे।

### राहगीरों को बांटा छाछ और शर्बत

**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति द्वारा तेज धूप से राहत पहुंचाने गत दिनों राहगीरों को छाछ सहित ऑर्गेनिक शर्बत का वितरण किया गया। रायपुर चैप्टर महिला समिति ने राहगीरों को शर्बत पिलाकर नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश दिया। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि इस कार्यक्रम में त्रिवेणी अग्रवाल, कांता सिंघानिया, सरिता रेखानी, शैल, राजश्री, गौरी, कल्पना, रितु खंडेलवाल, शुभांगी, पूजा छाबरा, मधु सिंघी, धर्मशिला, बॉबी जैन मौजूद रहीं, जिन्होंने सेवा देकर निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की रणनीति भी बनाई।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

**रायपुर।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आवंटित करने की मांग की है। श्री पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शिक्षकों के समक्ष पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

## निधन

### ठाकुर अजय सिंह

**रायपुर।** सिविल लाइंस निवासी ठाकुर अजय सिंह का 22 मई को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे वकील ठाकुर आनंद मोहन सिंह के चाचा और क्षितिज मोहन सिंह के पिता थे।

### आरके दास


**रायपुर।** चंगोराभाठा महादेव नगर निवासी आरके दास का 22 मई को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 23 मई को सुबह 9.30 बजे महादेवघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिखा दास के पति और रामकृष्ण दास, समीर दास, शिबानी के पिता थे।

### गोपाल प्रसाद शर्मा

**रायपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर 2 निवासी गोपाल प्रसाद शर्मा का 22 मई को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे विद्या शर्मा के पति और नेहा, अंकित के पिता थे।

# जहां सिर्फ आर्ट्स-कॉमर्स वहां ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा साइंस, विज्ञान छात्र पढ़ेंगे कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश के जिन महाविद्यालयों में सिर्फ कला संकाय अथवा वाणिज्य संकाय की ही पढ़ाई हो रही है, वहां विज्ञान की कक्षाएं ऑनलाइन मोड में संचालित की जाएंगी।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस तरह की व्यवस्था के प्रावधान किए गए हैं। 15 जून से प्रारंभ होने जा रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। एनईपी के अंतर्गत छात्रों को मल्टीडिसीप्लिनरी अर्थात बहु-विषयक सुविधाएं प्रदान की जानी है। इसके अनुसार, किसी भी संकाय के छात्र अपने संकाय के विषयों के अतिरिक्त अन्य किसी संकाय के एक विषय का चुनाव कर सकेंगे।

उदाहरण स्वरूप, कला संकाय का छात्र एक विषय विज्ञान का चुन सकेगा। इस तरह से विज्ञान संकाय का छात्र एक विषय कला का चुन सकेगा। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि छात्रों को विविध विषयों का ज्ञान हो सके और वे अपनी दिलचस्पी के अनुसार, विषयों का चुनाव कर सकें। इसके लिए महाविद्यालयों में विविध तरह के प्रावधान किए जा रहे हैं। छात्रों को यह विकल्प भी नए सत्र से देने की तैयारी है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत की जा रही है मल्टीडिसीप्लिनरी व्यवस्था

### दूसरे महाविद्यालय के प्राध्यापक करेंगे अध्यापन

शहरी क्षेत्रों में स्थित महाविद्यालयों में लगभग सभी संकाय होते हैं, लेकिन दूरस्थ विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में एक-दो संकाय ही होते हैं। अन्य संकाय नहीं होने के कारण उससे संबंधित प्राध्यापक भी नियुक्त नहीं किए जाते हैं। केवल एक विषय के अध्यापन के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में पृथक शिक्षक नियुक्त कर पाना संभव नहीं है, इसलिए अब ऑनलाइन विकल्प पर विचार किया जा रहा है। अर्थात जिन महाविद्यालयों में केवल कला संकाय होगा, वहां विज्ञान की पढ़ाई ऑनलाइन होगी। यह कक्षा दूसरे महाविद्यालय के प्राध्यापक ऑनलाइन लेंगे।



### नहीं हैं महाविद्यालयों में शिक्षक

प्रदेश में थोक में ऐसे महाविद्यालय हैं, जहां प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं। इन पदों पर भर्ती लंबे समय से नहीं हो सकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सेमेस्टर आधार पर वर्ष में दो बार परीक्षाएं ली जाएंगी। इससे परीक्षा संबंधित कार्यों में वृद्धि होगी। आउटर के कई कॉलेजों में गिनती के ही प्रोफेसर्स हैं। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन और प्राध्यापकों द्वारा चिंता भी जाहिर की जा रही है। कई कॉलेजों की मांग है कि पहले प्राध्यापकों के रिक्त पद भरे जाएं, उसके बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो।

# माना डकैती में दो माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली, डकैतों के बारे में अब तक कोई सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डकैती कांड में शामिल एक बदमाश की रोड एक्सीडेंट में मौत तथा एक के घायल होने की सूचना

माना थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व प्रख्यात चंद्राकर के घर लाखों की डकैती मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। डकैती की घटना को सुलझाने में पुलिस को अब तक नाकामी हाथ लगी है। डकैती की घटना में पुलिस को महाराष्ट्र के साथ मध्यप्रदेश के गिरोह का हाथ होने की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक डकैती की घटना के बाद बदमाश तीन बाइक से भागे हैं। भागने के दौरान एक बाइक का एक्सीडेंट हो गया, जिस पर सवार एक बदमाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बदमाश का पैर टूट गया।

गौरतलब है कि मार्च के दूसरे पखवाड़े में माना निवासी प्रख्यात चंद्राकर के घर में डकैती की घटना हुई थी। बदमाशों ने प्रख्यात तथा उनकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने अलग कमरे में सो रही प्रख्यात की मां को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट कर लाखों की नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवर लूटे और फरार हो गए।

### एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज खंगाले

डकैती की घटना को सुलझाने के लिए पुलिस ने बदमाशों की पतासाजी करने मुखबिर तंत्र लगाने के साथ ही माना, नवा रायपुर से लेकर इंटर स्टेट बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन के आसपास तथा रेलवे स्टेशन से सटे होटल, लॉज में लगे एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की, बावजूद इसके पुलिस को बदमाशों के बारे में कोई सुराग हाथ नहीं लगा।



शहर से लेकर गांव तक पुलिस बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही

राखी के सीसीटीवी में नजर आया एक डकैत पर चेहरा धुंधला, इसलिए कद-काठी का मिलान

पुख्ता जानकारी अब तक नहीं

### नागपुर के पास रोड एक्सीडेंट में मौत

सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद बदमाश तीन दोपहिया वाहन में सड़क के रास्ते भागे हैं। नागपुर के पास ट्रक ओवरटेक करते एक बदमाश की बाइक ट्रक से टकरा गई। ट्रक से टकराने की वजह से बाइक चला रहे एक बदमाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बदमाश का पैर टूट गया।

### घूम-घूम कर वारदात करने वाला गैंग

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक माना में डकैती डालने वाला गैंग घूम-घूम कर वारदात करने वाला गैंग है। पुलिस को बदमाशों के मध्यप्रदेश के धार के अलावा महाराष्ट्र का गैंग होने की आशंका है। पुलिस के अनुसार किसी शहर में डकैती डालने के पूर्व बदमाश उस क्षेत्र की दो से तीन रैकी करते हैं। इसके बाद घटना को अंजाम देते हैं।

### ट्रेस होने से बचने नहीं करते मोबाइल का इस्तेमाल

पुलिस ने अब तक की पड़ताल में पाया है कि बदमाशों माना में डकैती की घटना को अंजाम देने के पूर्व नवा रायपुर से सटे एक गांव में चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। बदमाश अपनी करतूत में सफल हो पाते, इसके पूर्व मकान में रह रहे किराएदार जाग गए, जिसकी वजह से बदमाश चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाए। दोनों जगहों के कॉल डंप में पुलिस को एक भी संदिग्ध नंबर नहीं मिला। पुलिस को आशंका है कि बदमाश जहां घटना को अंजाम देने जाते हैं, वहां ट्रेस होने से बचने मोबाइल के साथ किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रयोग करने से बचते हैं।

# तरुण बाजार नाले की सफाई में कोताही, ठेका होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- स्वच्छता निरीक्षक और सफाई सुपरवाइजर को शोकॉज नोटिस

तरुण बाजार नाले की सफाई में कोताही बरतने पर अनुबंधित ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त होगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल को सफाई ठेकेदार ओमप्रकाश धनगर का सफाई ठेका निरस्त करने की कार्यवाही करने आदेश दिए हैं।

दरअसल, नगर निगम जोन 6 के चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित तरुण बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति में बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाले की लचर सफाई व्यवस्था को देखकर निगम आयुक्त बेहद नाराज हुए।

निरीक्षण के दौरान निर्धारित 35 सफाई कर्मचारी की जगह केवल 16 सफाई कर्मचारी उपस्थित मिले। निगम आयुक्त ने इस पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल को तत्काल वार्ड के अनुबंधित सफाई ठेकेदार का सफाई ठेका निरस्त करने की कार्यवाही करने आदेश दिये हैं। विदित हो, इससे पूर्व 21 मई को सफाई व्यवस्था की आकस्मिक जांच के दौरान निर्धारित 35 सफाई कर्मचारी के स्थान पर केवल 22 ठेका सफाई कर्मचारी कार्य पर उपस्थित मिले थे।

सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर स्वच्छता निरीक्षक अजय शर्मा और सफाई निरीक्षक दिनेश नायक को तत्काल शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये हैं। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के नालों के बीच और नालों के किनारे स्थित ठेलों, गुमटियों और अवैध दुकानों को हटाने के लिए नगर निवेश विभाग और स्वास्थ्य विभाग को सप्ताह में 2 दिन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

# घूरने के विवाद पर बदमाशों ने पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला किया, चाकूबाजी की घटना में अंगुली कटी





**रायपुर।** बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ नहीं है। ऐसे ही एक घटना मंगलवार को सामने आई है, जिसमें अज्ञात बदमाशों ने पिता-पुत्र पर चाकू तथा पत्थर से जानलेवा हमला कर चोटिल कर दिया। चाकूबाजी की घटना में युवक की अंगुली कट गई है। शिवम दुबे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। शिवम ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार को अपने पिता के साथ देवपुरी स्थित भाटिया पेट्रोल पंप में नौकरी के लिए बात करने गया था। पेट्रोल पंप के बाहर वह अपने पिता के साथ बात कर रहा था। इसी दौरान पास से गुजर रहे लड़कों ने उन पर घूर कर देखने का आरोप लगाते हुए विवाद तथा गाली-गलौज किया। गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाश जेब से चाकू निकालकर लहराते हुए मारपीट करने लगे। शिवम के अनुसार बदमाश उसके मोबाइल के साथ 23 हजार रुपए लूट कर मौके से फरार हो गए।

# सड्डू में सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त

- ईरानी डेरा के सामने 2 एकड़ जमीन पर बेजा कब्जा हटाया

**रायपुर।** नगर निगम जोन 9 के नगर निवेश विभाग की टीम ने सड्डू ईरानी डेरा बीएसयूपी आवासीय परिसर के सामने करीब 2 एकड़ सरकारी जमीन पर किये गये अवैध कब्जा को तोड़ गिराया है। इस दौरान वहां अवैध रूप से बनाई गई बाउंड्रीवॉल को तोड़कर अवैध कब्जे को खाली कराया गया है।

नगर निगम प्रशासन शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ इन दिनों अलग-अलग जोन में नगर निवेश विभाग और निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम के माध्यम से कार्रवाई करने अभियान चला रहा है। कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के सड्डू इलाके में ईरानी डेरा के सामने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले ने जमीन के चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाकर लोहे का गेट भी लगवा दिया था। इसे जोन 9 की टीम ने तोड़ गिराया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में मजदूरों और श्रीडी मशीन की सहायता से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान गोंदवारा में 3 एकड़, रायपुरा में 3 अलग-अलग स्थानों पर करीब 13.51 एकड़ और न्यू संतोषीनगर बोरिया में करीब 5 एकड़ जमीन पर हो रही अवैध प्लाटिंग की डीपीसी, पोल हटाकर अवैध बोर को बंद करने की कार्रवाई की गई।



## पेज 11 के शेष ...

### जमीन के अवैध ....

सुविधाओं की कमी है। कालोनाइजर इन सुविधाओं से बचने के लिए ही वैध रूप से जमीन का लेआउट पास नहीं कराता। इस तरह कालोनाइजरों पर कुल मिलाकर जमीन का लेआउट पास कराने के लिए न दबाव बनाया जाता है और न ही सख्त कार्रवाई की जाती है।

### शराब पीने से ....

पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया है। इस पर राज अपने पिता को उपचार कराने आंबेडकर अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उमेंद्र की मौत होने की पुष्टि की।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ...

से विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। एम्स रायपुर वर्ष 2012 में स्थापना के बाद से 12 वर्ष की अल्प अवधि में ही देश का चिकित्सा शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन गया है। वर्ष 2023 में शिक्षा मंत्रालय की एनआईआरएफ रैंकिंग में एम्स रायपुर को 39वां स्थान प्राप्त हुआ था। इसके साथ ही यह शोध और अनुसंधान में भी देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में शामिल है।

### 200 सफाई गाड़ियां ....

कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलेशन वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के सामने खड़ी कर विरोध जताया। दरअसल, मंगलवार को गुढ़ियारी के मुर्राभट्ठी इलाके में सफाई मित्र आसकरण कोसले के साथ मोनू साहू द्वारा दुव्यर्वहार और मारपीट किये जाने की घटना के विरोध में सफाई मित्रों ने गुढ़ियारी थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने से सफाई मित्र बिफर उठे और उन्होंने बुधवार को डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन का काम ठप रखा। सफाई मित्रों के अचानक हड़ताल पर जाने से नगर निगम कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया। इससे लोग अपने घरों और व्यावसायिक परिसरों में कचरा लेकर सफाई मित्र का इंतजार करते रहे। सफाई मित्रों के हड़ताल की जानकारी मिलते ही सुबह 7 बजे नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कड़ू स्पॉट पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हें काम पर जाने की समझाइश दी।

**सैलेरी बढ़ाने की मांग, कचरे के कबाड़ में कमीशन मांगने का विरोध:** सूत्रों के मुताबिक दलदल सिवनी और गोकुल नगर कलेक्शन सेंटर की सफाई गाड़ियों में करीब 1 हजार सफाई मित्र काम करते हैं। इनमें ड्राइवर, हेल्पर शामिल हैं। सफाई कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग के साथ ही कचरे के साथ कबाड़ में कमीशन मांगने का विरोध कर रहे थे। उनका ये भी कहना है, अपनी मांगों से कंपनी प्रबंधन को अवगत कराने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**रामकी के प्रोजेक्ट हेड को निगम ने दिया नोटिस, 24 घंटे में मांगा जवाब :** शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य बंद किये जाने को लेकर नगर निगम ने रामकी के प्रोजेक्ट हेड को नोटिस जारी किया है। 24 घंटे के भीतर उनसे नोटिस का जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कचरा कलेक्शन का कार्य नियमित रूप से प्रतिदिन सुनिश्चित करने हिदायत दी है। इसकी अनदेखी किये जाने पर अनुबंध अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### परिचय सम्मेलन एक जून से

**रायपुर।** छग प्रदेश माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में विवाह योग्य युवक, युवतियों के लिए दुर्ग में 1-2 जून को होटल पृथ्वी पैलेस मे जीवनसाथी चयन परिचय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँदडा, कार्यक्रम संयोजक कमल बियानी, सहसंयोजक ओमप्रकाश टावरी ने संयुक्त रूप से बताया कि, उक्त आयोजन मे 600 से ज़्यादा पंजीयन हो चुके है। व्यवस्था के अनुकूल अब पंजीयन बंद कर दिया गया है। पूरे छ.ग के अलावा महाराष्ट्र एवं म.प्र से भी प्रत्याशीयो ने पंजीयन करवाया है। युवक युवतियों के साथ उनके आभिभावक को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन सत्र के बाद एक पुस्तक का विमोचन होगा।

पत्र क्रं/8249/न.पा.नि./जोन क्रं. 10/2024

रायपुर. दिनांक 22-05-2024

// ईश्तहार //

**नामंतरण प्रक्र. 8249**

**वार्ड का नाम- 52- डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई डी. RPR446P00589 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MANSI BALWANI LAXMAN DAS BALWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LAXMAN DAS SUMAMAL BALWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती BHOPENDER KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI LAKHAN LAL SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। "सूचना जारी करे"

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

मुहर

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री सोहन कुमार ताम्रकर पिता श्री लखन लाल ताम्रकर निवासी ताम्रकर बाड़ा कंकालीपारा रायपुर वाले स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 870/6-7 रकबा क्रमशः 0.0390 हे., 0.0370 हे. वाके मौजा भाठागांव प.ह.नं. 60 तह. व जिला रायपुर में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दी गई है। केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय को किसी भी प्रकार की कोई उजर या दावा आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर
दिनांक 22/05/24

भवदीय
**जे.एस. ठाकुर, सुनीता महोबिया**
**सिविल कोर्ट रायपुर**
**मो. 9827404843, 9589235508**

## शपथ-पत्र

मै चंदन गणात्रा उम्र 41 वर्ष, पिता स्व. कीर्ति गणात्रा निवासी डी 00159 श्रीनाथ जी विला सड़क नम्बर 16 महेश कालोनी गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूं :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि, मेरी पुत्री रीत गणात्रा माता का नाम श्रीमती पदमा गणात्रा पिता का नाम चंदन गणात्रा है जिनका जन्म तारीख दिनांक 24.04.2024 का जन्म माता लक्ष्मी नर्सिंग होम अनुपमनगर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में हुआ है उपरोक्त मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक B202422904340004478 जारी दिनांक 12.05.2024 है।
3. यह कि, उपरोक्त मेरी नवजात बिटिया का नाम जन्म प्रमाण पत्र में रीत गणात्रा (Reet Ganatra) दर्ज हो गया है जिसे बदलकर या सुधारकर मेरी नवजात पुत्री का नाम रूशिता गणात्रा (Rushita Ganatra) दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ पत्र संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र कंडिका 1 से 3 में वर्णित कथन मेरे स्वयं की जानकारी से सत्य व सही है जिसे आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर सत्यापित किया हूँ।

स्थान - रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 22.05.2024
सत्यापनकर्ता






## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बालवाड़ी शिक्षकों को दी जानकारी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित नवीन सरस्वती स्कूल में तीन दिवसीय 20 से 22 मई तक धरसीवां विकासखंड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को केंद्र में रखते हुए आंगनबाड़ी में दर्ज 5-6 आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए बालवाड़ी में तैयार करने पर आधारित था। इस मौके पर मास्ट ट्रेनर बरखा शर्मा एवं सावित्री साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बालवाड़ी शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं कठपुतली कला द्वारा मनोरंजक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी विकास खंड स्त्रोत समन्वयक धरसीवां शहरी शिरीष तीवारी एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक धरसीवां ग्रामीण मुरारी वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की। कार्यक्रम में निरीक्षणकर्ता के रूप में प्रीति देशपांडे एवं ज्योति बजाज मैडम ने भी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुनील मिश्रा एवं यूनीसेफ स्टेट कंसल्टेंट गार्गी परदेशी का मार्गदर्शन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ। इस प्रकार तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का सफल आयोजन विकास खंड धरसीवां में किया गया।

### दो ट्रेनों में अतिरिक्त एसी कोच

**रायपुर।** गर्मी की छुट्टियां मनाने टूर पर जाने वालों से पैक ट्रेनों में अतिरिक्त यात्रियों को कंफर्म बर्थ की सुविधा देने के लिए अतिरिक्त कोच लगाने का दौर जारी है। इसी प्रक्रिया के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा और हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच लगाया जाएगा।

### बुद्ध जयंती पर विभिन्न आयोजन

**रायपुर।** महाकारूणिक तथागत गौतम बुद्ध की 2568 वी जयंती समारोह के अवसर पर गुरुवार को सुबह आठ बजे डब्लूआरएस कॉलोनी में वंदना की जायेगी। इसके बाद बाइक रैली के रुप में लोग कटोरा तालाब के गार्डन में स्थित तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थल पहुंचकर पूजा-पाठ व धम्म देशना की जाएंगी। डब्लूआरएस कॉलोनी समिति के अध्यक्ष प्रणिता डोंगरे ने बताया कि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया और पंचशील बौद्ध कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम किया जायेगा।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मरीजों को बांटे फल



**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर कालीबाड़ी स्थित जिला अस्पताल में मरीजों को फल बांटे। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्दीक के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी को याद कर उनकी शहादत को नमन किया।

# एनएमसी के नोटिस से हड़कंप, शिक्षक पर्याप्त, डिमास्ट्रेटर और एसआर की कमी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फैकल्टी सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देने में की गई लापरवाही के मामले में मिले नोटिस के बाद शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में हड़कंप मच गया है। बुधवार को कालेज प्रबंधन की इमरजेंसी बैठक बुलाई गई, जिसमें एनएमसी के आंकड़े को गलत ठहराया गया है। कालेज प्रबंधन का मानना है कि फैकल्टी की केवल तीस प्रतिशत कमी है, वह भी डिमास्ट्रेटर और सीनियर रेसीडेंस के पद पर है।

नेशनल मेडिकल कमीशन आने वाले शिक्षण सत्र को लेकर मेडिकल कालेजों के प्रति सख्त रवैया अपनाए हुए है। उसकी ओर से विभिन्न कमियों का हवाला देकर कालेजों को ना केवल नोटिस थमाया जा रहा है, बल्कि उन पर बड़ा जुर्माना भी किया जा रहा है। एनएमसी द्वारा फैकल्टी के साथ विभिन्न कमियों का हवाला देकर पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इसमें कालेज में विभिन्न चिकित्सा शिक्षकों सहित अन्य की 90 प्रतिशत कमी बताई गई है। इस नोटिस के बाद कालेज की डीन अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया ने विभिन्न विभागाध्यक्षों की बैठक बुलाई। बैठक में एनएमसी द्वारा नोटिस जारी करने के लिए जो तर्क दिया गया है, उसे गलत ठहराया गया है। कालेज प्रबंधन का कहना है कि कालेज में कुल 35 प्रोफेसर, 62 एसोसिएट प्रोफेसर और 60 अस्टिटेंट प्रोफेसर कार्यरत हैं, जबकि एनएमसी ने कालेज में 15 प्रोफेसर, 34 एसोसिएट प्रोफेसर और 40 अस्टिटेंट प्रोफेसर की गणना की है। उन्होंने डिमास्ट्रेटर और सीनियर रेसीडेंट के पद पर गिनती के लोगों को कार्यरत बताया है, मगर उतनी दिक्कत नहीं है। कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सीनियर रेसीडेंस की भर्ती की जानी है। इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू की गई थी, मगर आचार संहिता की वजह से मामला अटक गया। अगले माह सीनियर रेसीडेंस पद पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एनएमसी के दावे के बीच कालेज प्रबंधन आज उन्हें वास्तविकता से अवगत कराएगा, इसके लिए ऑनलाइन मीटिंग होगी।

## कालेज प्रबंधन की हुई इमरजेंसी बैठक, आज बताएंगे फैकल्टी की वास्तविकता

### बायोमीट्रिक की समस्या

चिकित्सा शिक्षकों का कहना है कि एनएमसी ने ऑनलाइन बायोमीट्रिक अटैंडेंस अनिवार्य किया था। कालेज के सिस्टम में चिकित्सा शिक्षकों की उपस्थिति दिख रही है, मगर एनएमएसी के सिस्टम में उन्हें अनुपस्थित दिखाया जा रहा है। कालेज अधिष्ठाता ने सभी विभागाध्यक्षों को तमाम बिंदुओं पर जानकारी कल सुबह तक उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



### आज रखेंगे पक्ष

एनएमसी ने जो सांख्यिकी पेश की है वह सही नहीं है, कालेज में चिकित्सा शिक्षक पर्याप्त हैं। कमी केवल सीनियर रेसीडेंस की है, जिनकी भर्ती आचार संहिता के बाद की जाएगी। गुरुवार को डीन एनएमसी के सवालों पर आपत्ति दर्ज कराएंगी।

**- डॉ. अरविंद नेरल,** अध्यक्ष, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन

### ओपीडी पर सवाल

एनएमसी ने चिकित्सकों की कालेज से संबंधित अस्पताल में होने वाले ओपीडी में चिकित्सकों की अनुपस्थिति को भी मुद्दा बनाया है। कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ओपीडी में दिन के हिसाब से चिकित्सकों की ड्यूटी लगती है। एनएमसी ने अपने स्टेटिक्स में अवकाश में रहने वाले चिकित्सकों को अनुपस्थित मान लिया है। इसी तरह फैकल्टी की गणना में छुट्टियों में रहने वाले चिकित्सा शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया है।

## रावांभाठा में आउटडोर स्टेडियम बनाने 1.10 करोड़ की योजना की अनदेखी से ऐसा हाल

# स्टेडियम निर्माण में होगा विलंब, पुरानी कंपनी ब्लैक लिस्टेड, नई एजेंसी के लिए टेंडर अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बिरगांव निगम के रावांभाठा वार्ड में आउटडोर स्टेडियम बनवाने में फिर विलंब होने वाला है। इसके लिए सालभर पहले जिस एजेंसी ने काम शुरू किया था, उसे निगम ने ब्लैकलिस्टेड किया है। नई एजेंसी के लिए टेंडर अटकने से युवाओं को नई सुविधा के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ेगा। निगम के जिम्मेदारों का दावा है कि युवाओं को सुविधा देने के लिए जल्द ही मुहिम तेज की जाएगी।

राजधानी से सटे निगम के रावांभाठा इलाके में करीब एक एकड़ एरिया में स्टेडियम बनाने के लिए निगम के जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम करने वर्कआर्डर दिया, उसने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा नहीं किया। इसे देखते हुए जिम्मेदारों ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को ही ब्लैक लिस्टेड कर दिया। इसके बाद विवाद की स्थिति को सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी तय करने की प्रक्रिया जिम्मेदार नहीं कर पाए और चुनावी आचार संहिता लग गई। अब आउटडोर स्टेडियम बनाने के लिए जून में टेंडर की तैयारी है। इसके चलते युवाओं को इस नई सुविधा के लिए सालभर इंतजार करना पड़ेगा। निगम सूत्रों ने बताया कि हालांकि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद बंद होने की स्थिति में फंड यथावत है। जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री निर्माण करवाया जाएगा। इससे बरसात में ही बाहरी ढांचा तैयार होगा।



### सुविधाओं का प्रावधान यथावत

रावांभाठा, उरकुरा और बिरगांव क्षेत्र के युवाओं को आउटडोर स्टेडियम की सुविधा देने के लिए डेढ़ साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। इसके बाद निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ ही मैदान समतल करने व दर्शकों को बैठने की सुविधा देने के लिए गैलेरी निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। इतना ही नहीं, चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा देने का भी प्रावधान किया है। नई एजेंसी को भी पुराने प्रावधानों के तहत ही निर्माण की जिम्मेदारी देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की हैं।

### जल्द ही की जाएगी कार्रवाई

आउटडोर स्टेडियम बनाने के लिए जिस एजेंसी को काम दिया गया था, उसने कई नोटिस के बाद भी काम में तेजी नहीं लाई। इसके कारण उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया है। जल्द ही नई एजेंसी तय करके प्रोजेक्ट पूरा करवाने के लिए निर्देश दिया गया है।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### 30 हजार की आबादी के बीच अटकी..

निगम के रावांभाठा वार्ड में करीब 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच बुनियादी सुविधाओं का अभाव लंबे अरसे से बना हुआ है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी की अनदेखी के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक स्पाट पर आकार नहीं ले पाई। सालभर बाद नई एजेंसी तय करने की स्थिति बनने से जमीन तय होने के बाद भी काम शुरू करने में विलंब हो रहा है। बरसात के मौसम में भी निर्माण कार्य प्रभावित होना भी तय है।

# सैयद अनवर अली यातायात महासंघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ महासंघ की बैठक में 120 सदस्यों ने तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष घोषित किया


राजधानी के एक निजी हॉटल में छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। संघ के संरक्षक प्रमोद दुबे, विधिक सलाहकार शिवेश और सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में आगामी तीन साल के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव कर गठन किया गया। इसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष के लिए सैयद अनवर अली के नाम का प्रस्ताव संरक्षक प्रमोद दुबे द्वारा विधि सलाहकार शिवेश के माध्यम से रखा गया। इसका समर्थन चंपालाल साहू, शिवरतन गुप्ता, सोनू कसार, जिला अध्यक्ष जगदलपुर गणेश गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष बिलासपुर श्यामलाल दुबे जिला अध्यक्ष पेंड्रा, भरत सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष कोरबा, मुकेश जायसवाल, जिला अध्यक्ष धमतरी, महावीर प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष बेमेतरा सहित अन्य जिलों से आये पदाधिकारियों ने किया।

इस पद पर कोई अन्य प्रत्याशी चुनाव में खड़े नहीं होने के कारण सभा में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने हाथ खड़े कर सहमति देकर सैयद अनवर अली को आगामी 3 वर्ष के लिए अध्यक्ष घोषित किया।

संघ के संरक्षक प्रमोद दुबे ने बाकी अन्य कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिए सैयद अनवर अली को अधिकृत करने का प्रस्ताव दिया। इस पर सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी।

# तेज हवा में गोल चौक और मौलश्री विहार के पेड़ टूटकर गिरे, तूफान से कुछ हिस्सों में लाइट गुल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निगम अमले ने टूटकर गिरे पेड़ों को हटाकर मार्ग क्लीयर किया

■ तेज हवा में होर्डिंग्स गिरे

शहर में बुधवार शाम मौसम में आये परिवर्तन के साथ तेज हवा और बारिश के दौरान कई इलाकों में विद्युत अवरोध की स्थिति बनी रही। वहीं गोल चौक रोहणीपुरम के पास और वीआईपी रोड स्थित मौलश्री विहार मार्ग में आंधी-तूफान से मार्ग में अचानक पेड़ टूटकर गिर गये। इससे कुछ समय के लिए मार्ग में यातायात बाधित रहा।

नगर निगम अमले को इसकी जानकारी मिलते ही अमले ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर श्रमिकों की सहायता से तत्काल स्थल पर पहुंचकर टूटे हुये पेड़ों को हटाकर मार्ग को क्लीयर किया। राजधानी में दिनभर बदली और उमस के बाद शाम के समय मौसम का मिजाज बदलते ही तेज हवा और बारिश में रोहणीपुरम के गोलचौक के पास पेड़ टूटकर गिर गया। संबंधित मार्ग में अचानक पेड़ टूटकर गिरने से सड़क यातायात बाधित हुआ। लोगों ने इसकी सूचना निगम अमले को दी। जानकारी मिलते ही निगम अमला मजदूरों के साथ स्थल पर पहुंचा और सड़क पर टूटकर गिरे पेड़ की कटाई -छंटाई कर सड़क यातायात को सुगम बनाने में मदद की। इसी तरह नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड के मौलश्री विहार इलाके में तेज हवा के कारण पेड़ टूटकर गिरने से नागरिकों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

आसपास के रहवासियों ने जोन 9 अमले को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर अमला टूटकर गिरे पेड़ों को हटाने स्थल पर पहुंचा और मजदूरों की सहायता से पेड़ की डंगाल की कटाई छंटाई कर सुगम आवागमन का मार्ग प्रशस्त किया।

### लो-वोल्टेज की समस्या रही

तेज हवा और बारिश के कारण शहर के प्रमुख मार्गो पर लगे कुछ होर्डिंग्स भी हवा के तेज झोंके में उखड़कर नीचे जा गिरे। सिविल लाइन स्थित आकाशवाणी चौक के पास लगाये गये बैनर और पोस्टरों को भी नुकसान पहुंचा। टिकरापारा क्षेत्र में बारिश और तेज हवा के कारण वोल्टेज कम होने से लोग परेशान रहे। इसकी शिकायत रहवासियों ने संबंधित विद्युत केन्द्र में की। शिकायत के बाद भी घंटेभर तक लो वोल्टेज की परेशानी से जूझते रहे।

### रायपुर में 1 से.मी बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को रायपुर में 1 सेन्टीमीटर बारिश दर्ज की गई। साथ ही आसपास के इलाकों में भी बारिश होने की जानकारी विभाग द्वारा दी गई है।

## अंबुजा मॉल प्रबंधक को नोटिस

# रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थिति खराब, स्वर्णभूमि और मैग्नेटो में सिस्टम संतोषजनक मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जोन 9 इलाके के आवासीय परिसरों में निगम की टीम ने किया निरीक्षण

■ एचआर टावर रायपुरा को वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना न होने पर नोटिस

नगर निगम जोन 9 की टीम ने आवासीय परिसरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का बुधवार को प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इसमें अंबुजा मॉल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थिति खराब पाई गई। इस पर मॉल संचालक को 3 दिन के भीतर जियो हाइड्रोलाजिस्ट से सिस्टम को ठीक करवाकर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

सायाजी के प्रबंधक को पानी बचाने के सिस्टम की सफाई करवाने कहा गया है। वहीं स्वर्णभूमि और मैग्नेटो मॉल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली संतोषजनक मिली। बारिश से पहले नगर निगम का नगर निवेश विभाग शहर के अलग-अलग इलाकों में आवासीय परिसरों में वर्षा जल संरक्षण के लिए लगाये जाने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्पॉट पर स्थिति की जांच कर रहा है। जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों के बिल्डरों के परिसरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अंबुजा मॉल परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली में खामियां मिलीं। इसे 3 दिन के भीतर जियो हाइड्रो लाजिस्ट से ठीक करवाकर अनिवार्य रूप से चलित व व्यवस्थित फोटोग्राफ सहित निगम जोन 9 को सूचना देने निर्देशित किया गया। ऐसा नहीं किये जाने पर प्रति वर्ष भूखंड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्गमीटर पर 1 हजार रुपये की दर से नियम अनुसार अर्थदंड की कार्रवाई प्रस्तावित करने चेतावनी दी गई है। स्वर्णभूमि और मैग्नेटो मॉल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली संतोषजनक पायी गयी। सायाजी के प्रबंधन को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली की सफाई कराने कहा गया है।




### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने पर नोटिस

जोन 8 नगर निवेश विभाग ने एचआर टावर रायपुरा को परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना नहीं होने पर प्रबंधक को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कर फोटोग्राफ के साथ जोन 8 के नगर निवेश विभाग को सूचित करने निर्देश दिया है। वहीं सालासार ग्रीन सरोना को वहां स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का रखरखाव नहीं किये जाने पर नोटिस जारी कर रखरखाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने निर्देश दिये हैं।

# गर्मी में ओवरलोड, गांवों से शहरों तक लगातार बत्ती गुल

*ओवरलोड बड़ा कारण : बिजली विभाग के जानकारों का कहना है कि बिजली के ट्रिप होने का सबसे बड़ा कारण ओवरलोड होता है। किसी ट्रांसफार्मर में उसकी क्षमता से ज्यादा लोड होने पर ट्रिप होता है। इसी के साथ जानकार यह भी कहते हैं कि ट्रांसफार्मर के तीनों फेस में एक जैसा लोड जरूरी होता है। अगर किसी फेस में लोड कम किसी में ज्यादा रहेगा तो ज्यादा लोड वाला फेस उड़ने में समय नहीं लगता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ ट्रांसफार्मरों में लोड का वितरण सही न होने से होती है परेशानी

गर्मी में बिजली की खपत तो अपने तेवर दिखा ही रही है, लेकिन ज्यादा खपत के कारण ओवरलोड से गांवों से लेकर शहरों तक बिजली गुल भी हो रही है।

गांवों की स्थिति ज्यादा खराब है। गांवों से लगातार घंटों बिजली गुल रहने की शिकायतें हैं। वैसे प्रदेश के कई शहरों के साथ राजधानी रायपुर के ही आउटर की कई कॉलोनियों में कभी भी बिजली गुल होने से लोगों को घंटों परेशान होना पड़ रहा है। बिजली गुल होने का सबसे बड़ा कारण ट्रांसफार्मर ओवरलोड होकर ट्रिप होना है। ट्रांसफार्मरों के ट्रिप होने का बड़ा कारण इनमें लोड को सही तरीके से न बांटना बताया जा रहा है। कारण चाहे जो भी हो, परेशान तो उपभोक्ता हो रहे हैं। गर्मी के समय में कुछ मिनटों के लिए ही बिजली का न हो बड़ी परेशानी का सबब हो जाता है, लेकिन यहां तो कई स्थानों पर घंटों तक बिजली बंद हो जाती है। गर्मी में अक्सर ट्रांसफार्मरों में ट्रिप होने के कारण फ्यूज हो जाता है। इसकी सूचना बिजली दफ्तर में देने के बाद स्टॉफ आकर फ्यूज बनाने का काम करता है। कई बार स्टॉफ खाली रहता है तो परेशानी नहीं होती, लेकिन स्टॉफ अगर काम में व्यस्त है तो फिर लंबा समय भी लग जाता है। ऐसे में भरी गर्मी में बिना बिजली के बिना आदमी का हाल जल बिन मछली जैसा हो जाता है।

### राजधानी की भी स्थिति खराब

राजधानी रायपुर के ही आउटर की स्थिति खराब है। वैसे राजधानी के किसी भी इलाके में कभी भी ट्रिप होना आम बात है, लेकिन आउटर में ट्रिप होने पर वहां पर खराबी ठीक करने में लंबा समय लग रहा है। भाठागांव क्षेत्र के विप्रनगर में लगातार बिजली बंद होने की शिकायतें आ रही हैं। घंटों बिजली बंद होने की बात यहां के रहवासी कर रहे हैं, इसी तरह के कमल विहार के सेक्टर-4 की स्थिति भी खराब है। ये तो महज दो उदाहरण हैं। इसी के साथ शहर के आउटर दलदल सिवनी, बोरियाखुर्द, सड्डू, कचना सहित और कई इलाकों में बिजली का ट्रिप होना आम बात है।

### गांवों में ज्यादा परेशानी

गांवों की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है। यहां पर बिजली एक बार गुल होने के बाद कब तक आएगी, ये बताने वाला भी कोई नहीं रहता है। गांवों में बिजली के ट्रिप होने की शिकायतें ज्यादा हैं। वैसे गांवों में वोटेल्ज भी समस्या आम रहती है। प्रदेश के कई गांवों से लगातार बिजली बंद होने की शिकायत है। इसे अघोषित कटौती भी बताया जा रहा है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारी इससे इनकार करते हैं और कहते हैं कि मानसून के कारण मेंटेनेंस का काम चल रहा है तो इसको कटौती बता दिया जाता है। वैसे अधिकारी ट्रिप होने से इनकार नहीं करते।








नौतपा में विशेष जतन, तैयार किए ....

## आराधना

## भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करें संस्कृत व ज्ञान प्रणाली



**रायपुर।** पांच दिवसीय महा सुहृत महा शाक्त यज्ञ चतुर्थ दिवस का यज्ञ गणपति होम के साथ सुबह 6 बजे प्रारंभ हुआ। उसके बाद महा सुहृत चतुर्थ दिवस यज्ञ हुआ। फिर महा अघोर की विशेष पूजा की गई। तत्पश्चात पंच वदायम से मां भगवती की विशेष पूजा की गई। इसमें पांच इंद्रियों को जाग्रत करने के लिए यज्ञ शाला के भीतर कंपन की उच्च स्थिति में केरल पंच वाद्यम का प्रदर्शन चोट्टानिकारा सत्यन मरार और उनकी टीम द्वारा किया गया। सांध्यकाल में गुह्मा योगनी की विशेष पूजा की गई। इसमें वन देवी और प्रकृति का आह्वान किया। यज्ञ के दौरान प्रकृति का अद्भुत रूप देखने को मिला। तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच पूजा चलती रही।

### मतभेद अज्ञानता के कारण

राजीव रकुल ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति का यह पावन उद्देश्य है कि वह अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी प्राचीन संस्कृति, सभ्यतागत लोकाचार और ज्ञान प्रणालियों कि रक्षा करे। विभिन्न विचारधाराओं की अलौकिक ज्ञान आधारित हमारी प्रणाली को उसके शुद्धतम रूपों में संरक्षित करने से अद्वैत के मूल सिद्धांतों को फिर से जागृत किया जा सकता है, जिससे हमें आधुनिक समय में आपस में व्याप्त अलगाववाद से मुक्त होने में मदद मिल सकती है। हमारे मतभेद केवल उस अज्ञानता के कारण हैं जो हमने अपने गौरवशाली अतीत के प्रति हमारी निरंतर उपेक्षा के कारण अर्जित की है।

## लाइव इवेंट

## कठपुतली के माध्यम से जाने बालवाड़ी अध्यापन के तरीके



**रायपुर।** 20 से 22 मई तक विकासखंड स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन नवीन सरस्वती स्कूल पुरानी बस्ती में किया गया। जिसमें 62 आंगनबाड़ी केंद्रो में संचालित बालवाड़ी के 124 कार्यकर्ता एवं बालवाड़ी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केंद्र में रखते हुए आंगनबाड़ी में दर्ज 5-6 आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए बालवाड़ी में तैयार करने पर आधारित था। नवीन शिक्षा नीति के तहत मूल्यांकन पद्धति की जगह आकलन पद्धति पर काम करते हुए कैसे बच्चों में खेल- खेल में भाषा एवं गणित की अवधारणाओ को स्पष्ट किया जाए, इस पर चर्चा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी मे संचालित हो रहे बालवाड़ी में प्राथमिक शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं को साझा सहयोग से बच्चों में विकास के आयाम को पहचान कर स्तर अनुसार शिक्षा देने की विधि बताई गई।

### उद्देश्यों पर हुई चर्चा

मास्टर ट्रेनर बरखा शर्मा एवं सावित्री साहू द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं कठपुतली कला के द्वारा मनोरंजक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के विकासखंड समन्वयक शिरीष तीवारी एवं मुरारी वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की गई। निरीक्षणकर्ता प्रीति देशपांडे एवं ज्योति बजाज ने भी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सुनील मिश्रा एवं यूनीसेफ स्टेट कंसल्टेंट गार्गी परदेशी का मार्गदर्शन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त हुआ।

## एजूकेशन अपडेट

## नेशनल ओपन स्कूल में दाखिले 92 कोर्स का होगा अध्यापन

**रायपुर।** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग द्वारा ओपन मोड में संचालित किए जाने वाले सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इंस्टिट्यूट द्वारा साझा की गई जारी के मुताबिक, सेकेंडरी में 19 भाषाओं समेत 38 विषयों और 13 भाषाओं समेत 43 विषयों वाले सीनियर सेकेंडरी प्रोग्राम में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। न सिर्फ सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी बल्कि एनआईओएस द्वारा विभिन्न वोकेशनल कोर्सेस में भी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

National Institute of Open Schooling

(The Largest Open Schooling System in the World)

### ले सकते हैं अतिरिक्त विषय

जारी किए गए विज्ञापन के अनुसार वोकेशनल स्ट्रीम में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 92 कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। ये कोर्सेस एग्रीकल्चर, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, योग और नैचुरोपैथी समेत हेल्थ एंड पैरामेडिकल, होम साइंस एंड हॉस्पीटैलिटी, कंप्यूटर एण्ड आइटी, बिजनेस एंड कॉमर्स तथा टीचर ट्रेनिंग से संबंधित हैं। ऐसे में जो भी स्टूडेंट्स एनआईओएस द्वारा संचालित किए जा रहे सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी और वोकेशनल कोर्सेस में दाखिला लेना चाहते हैं, वे संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन भर सकते हैं। एनआईओएस से पढ़ाई करने का यह फायदा है कि स्टूडेंट्स अपने पसंद के सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन और एडिशनल सब्जेक्ट ले सकते हैं। इन कोर्सेस के लिए कम फीस ली जाती है और इसके सर्टिफिकेट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर मान्य हैं।

### विशेष आर्डर पर तैयार हो रही ऐसी ज्वेलरी जो दिखने में हैवी, लेकिन कम वजनी

# सोने की कीमतों ने बदल दिया फैशन

"वर्तमान में सोना एक इंवेस्टमेंट की तरह नजर आ रहा है। अपनी फ्यूचर सेविंग के लिए लोग सोना या डायमंड खरीदना पसंद करते हैं, लेकिन इसके बढ़ते हुए दाम ने लोगों को चिंतित कर दिया है। एक वर्ग ऐसा भी है, जो अपने पूर्व निर्धारित बजट में ही आभूषण खरीदना चाह रहा है। उनके लिए कम दाम में नग जड़ित विशेष आभूषण तैयार किए जा रहे हैं, जो दिखने में वजनी होने के साथ-साथ कम दाम में अकर्षक लुक दे रहे हैं।


**रायपुर।** दुकान संचालकों के अनुसार, सोना के दाम रोजाना बढ़ते जा रहे हैं। इसमें कमी आने की उम्मीद कम है, लेकिन बढ़ने का दावा कर सकते हैं। इस स्थिति में कई लोगों के लिए सोना एक इंवेस्ट की तरह है, जिनका बजट अच्छा है। वर्तमान में सोना और डायमंड की सबसे अधिक डिमांड है। सोने के साथ डायमंड के कम वेट में तैयार ज्वेलरी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। अनोपचंद-तिलोकचंद ज्वेलर्स संचालक तिलोकचंद बरड़िया ने बताया, वर्तमान में लोग डिजाइनर ज्वेलरी की डिमांड कर रहे हैं। इसमें 18 कैरेट का डायमंड सबसे अधिक पसंद किया जा रहा है। बीते 10 सालों में लगातार सोना, चांदी और डायमंड की कीमतों में बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। ब्रेसलेट, ब्रांच, कफलिंग्स, नेकलेस सेट, रिंग लोग खरीद रहे हैं। दुकान में खरीदारों के बजट अनुसार ज्वेलरी तैयार की जाती है। कुछ खरीदारों को बजट अधिक प्रभावित नहीं करता, वे अपने मन मुताबिक ही ज्वेलरी खरीदना पसंद करते हैं। ऐसे खरीदारों को डिजाइनर कुंदन, राजवाड़ी, पोल्की सेट पसंद शादी के लिए पसंद आता है।



### कपड़े के रंग अनुसार गहने

सुमित ज्वेलर्स के संचालक अंकित कांकरिया ने बताया, सोना की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। वर्तमान में ब्राइडल एंड ग्रूम की अपनी अलग पसंद देखने को मिल रही, जिसमें वह अपने कपड़े के रंग के अनुसार गहने खरीद रहे हैं। कीमतों में इजाफा होता देख अब लाइट वेट ज्वेलरी खरीदी जा रही है, जिसमें सोना और डायमंड दोनों शामिल है। दोनों ही बजट फ्रेंडली होने के सीथ ही देखने में फैंसी लुक देते हैं। शादी के सीजन में कुछ खरीदार स्वर्ण जड़ित पर्स दुल्हन के लिए उपहार स्वरुप खरीदना पसंद करते हैं, जिसकी कीमत 40 हजार से शुरु होकर 2 लाख रुपए तक तय है। दुकान में अहमदाबाद, बॉम्बे, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, बिकानेर से ज्वेलरी तैयार कर मंगाया जाता है। प्रत्यके स्थानों में अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी बनाई जाती है।





### स्वर्ण आभूषणों की कीमत

- अंगूठी - 5000 से शुरु
- ईयर रिंग - 5000 से शुरु
- मंगलसूत्र - 20 हजार से शुरु
- चेन - 15 हजार से शुरु

### डायमंड की शुरुआती कीमत

- ईयर रिंग - 25 हजार से शुरु
- सेट - 1 लाख से शुरु
- मंगलसूत्र - 25 हजार से शुरु
- रिंग - 15 हजार से शुरु

### अमेरिकी डायमंड भी भा रहे लोगों को



दुकान कर्मचारी ने बताया, तुर्की सेट ज्वेलरी, मीना वर्क, अमेरिकी डायमंड, इटालियन चोकर, एंटीक ज्वेलरी, कुंदन एवं राजवाड़ी ज्वेलरी, बुटिक कलेक्शन, विक्टोरियन कलेक्शन, अमरितसरी कलेक्शन ज्वेलरी लोगों की पहली पसंद है। इस डिजाइन में रिंग, नेकलेस, बेसलेट, चूड़ी लोग खरीदते हैं। इसमें कुंदन, पोल्की, कलर स्टोन, डायमंड की तरह चमकने वाले अमेरिकी डायमंड का उपयोग किया जाता है, जिसे बिना मशीन की सहायता तैयार किया जाता है।

### फैंसी ब्रेसलेट और चेन की डिमांड



वर्तमान में महिलाओं संग पुरुषों में भी आभूषणों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते दुकान में सभी प्रकार के गहने उपलब्ध हैं। फैंसी ब्रेसलेट और चेन की डिमांड सबसे अधिक है, जिसकी कीमत 30-35 हजार से शुरु होकर ज्वेलरी अनुसार तय है। लाइट वेट ज्वेलरी की डिमांड अधिक होने के कारण दुकान में एक लाख रुपए तक डायमंड सेट ज्वेलरी तैयार की गई है। सोने के साथ अब डायमंड का उपयोग कर लाइट वेट गहने तैयार किए जाते हैं, जिसे खरीदार अपने बजट के मुताबिक खरीद सकें।

### राजवाड़ी डिजाइन के गहनों में इंवेस्ट

*ज्वेलरी शो रुम के संचालकों ने बताया, राजवाड़ी गहनों की डिमांड सबसे अधिक है। शादी के लिए लोग गहनों पर इंवेस्ट कर इसे खरीद रहे हैं। इसके लिए वह राजवाड़ी डिजाइन के गहने खरीद रहे हैं। दुकान में लोगों के मनपसंद डिजाइन के साथ ज्वेलरी तैयार किया जाता है, जिसे खरीदार के बजट अनुसार तैयार किया जाता है। डायमंड सेट को 10 से 15 लाख और गोल्ड ज्वेलरी को 5 से 7 लाख में तैयार किया जाता है।*



### फैंसी लाइटवेट ज्वेलरी

*महिलाओं की डिमांड पर सोने का फैंसी ब्रेसलेट तैयार किया गया है। लाइट वेट होने के साथ इसमें चाम्स लगे होते हैं, जो देखने में फैंसी लुक देता है। इसे कस्टमाइज तौर पर भी तैयार कराया जाता है, जिसमें खरीदार अपने अनुसार इसे डिजाइन करते हैं। दुकान में इसकी कीमत 20 हजार से शुरु है।*

# महिलाओं ने जाना, कैसे कर सकती हैं वीडियो एडिटिंग

### रोटरी क्लब ने रखी महिलाओं के लिए खास डिजाइनिंग वर्कशॉप



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस की ओर से पंडरी स्थित निजी होटल में डिजाइनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कामकाजी एवं घरेलू महिलाओं को वीडियो एडिटिंग और क्रिएटिव वीडियो तैयार करने का प्रशिक्षण देना रहा। इस दौरान मुंबई की एक्सपर्ट अनुभा अग्रवाल प्रशिक्षक के रुप में उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, सचिव श्वेता शर्मा, कोषाध्यक्ष तनुश्री अग्रवाल मौजूद रही।

### व्यापार में मिलेगी मदद

क्लब के सदस्यों ने बताया, वीडियो एडिटिंग से महिलाओं को व्यापार में मदद मिलेगी। जिससे वह अपने व्यापार की वस्तुओं को डिजाइन कर उनका प्रचार-प्रसार कर सकती हैं। बुधवार को वर्कशॉप में एडिटिंग एप की जानकारी दी गई, जिसमें उसके विभिन्न फीचर के लाभ बताए गए। एप के माध्यम से किस प्रकार वीडियो और फोटो एडिट किया जा सकता है, इसकी जानकारी मौजूदा लोगों को दी गई। कार्यक्रम के दौरान 40 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और एडिटिंग एप की जानकारी ली। जिसे वह मोबाइल फोन के उपयोग से भी कर सकती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 3 बजे से हुई।

### रोजाना प्रैक्टिस जरूरी

कार्यक्रम के अंत में मौजूदा सदस्यों ने एडिटिंग एप संबंधित अपने विचार प्रकट किए। अनुभा अग्रवाल ने बताया, रोजाना थोड़ा वक्त एप को देने से यह आसान लगने लगेगा। इसके माध्यम से आप अपने फोटो, वीडियो आसानी से एडिट कर सकते हैं। एडिट होने के बाद यह देखने में आकर्षक लगता है। जिससे आपके प्रोडक्ट को लोकप्रियता भी मिल सकती है। एडिटिंग एप का प्रयोग आसान है। इसे कम समय में फोन के माध्यम से भी किया जा सकता है।

# एमए राजनीति विज्ञान में 79 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को एमए राजनीति विज्ञान अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई। इस परीक्षा में 1 हजार 527 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 1 हजार 214 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। वहीं 301 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। पूरक श्रेणी में एक भी छात्र नहीं है। 68 छात्र ऐसे रहे, जिन्होंने परीक्षा फॉर्म तो भरा, लेकिन वे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। 12 छात्रों के नतीजे नकल सहित विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इस तरह से परीक्षा में 79.5 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। रविवि द्वारा परीक्षा परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र निर्धारित अवधि में पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे।



### नशे के खिलाफ पुलिस और वकील आए एक साथ

# न्यायालय में भी नशे से संबंधित प्रकरणों की भरमार, इसे खत्म करने चाणक्य सूत्र कारगर, तना-पत्ता नहीं जड़ पर करें वार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी को नशे से मुक्त करने बुधवार को शहर के न्यायाधीश, पुलिस और अधिवक्ता एक मंच पर आए। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने बताया, अधिवक्ता संघ द्वारा आज जिला न्यायालय परिसर स्थित कक्ष क्रमांक-210 में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात कार्यक्रम 'नशे को ना जिंदगी को हां' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश, न्यायाधीशगण, एसएसपी सहित सैकड़ों अधिवक्तागण शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय हेमंत सराफ रहे।



### एक शराब दुकान से पैदा होते हैं कई शराबी



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा, नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा एक युद्ध छेड़ा गया है। अधिवक्ता, समाज का एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। एक अधिवक्ता से सैकड़ो लोग जुड़े होते हैं। अधिवक्ताओं के माध्यम से नशे के खिलाफ हम लोगों को एक संदेश देकर समाज को नशा मुक्त कर सकते हैं। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत सराफ ने नशा से होने वाले नुकसान को बताते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त करने के लिए चाणक्य सूत्र के अनुसार कार्य करना होगा। नशे की डाल और पत्तों को तोड़ने की बजाय इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है, तब जाकर के हमारा समाज नशा मुक्त होगा। जिस तरह एक कॉलोनी के बाहर मैदान होने से बहुत खिलाड़ी पैदा होते हैं उसी प्रकार एक शराब दुकान से कई शराबी पैदा हो जाते हैं, इसलिए नशे के खिलाफ या अभियान जारी रखना चाहिए।

### सिर्फ पुलिस नहीं, हर वर्ग सामने आएं

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी ने कहा, नशे के खिलाफ सिर्फ पुलिस को पुलिस ही नहीं बल्कि हर वर्ग को समाने आकर एकजुट होना चाहिए। परिवार और समाज के लिए सबसे ज्यादा अगर कोई घातक है तो वह नशा है। उन्होंने नशे के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, न्यायालय में भी नशे से संबंधित प्रकरणों की भरमार हो गई है। एनडीपीएस के केस बढ़ रही हैं। नशा करने से सिर्फ एक व्यक्ति प्रभावित नहीं होता, बल्कि उससे जुड़े हर लोग प्रभावित होते हैं। चाहे वह उसका परिवार हो या समाज हो।

### समाज के लिए जरूरी है नशा मुक्ति

अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी ने कहा, नशे के खिलाफ वकील और पुलिस साथ-साथ हैं। यह अभियान समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। नशा के विरुद्ध इस युद्ध में अधिवक्ता भी शामिल होंगे और समाज को नशा मुक्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अधिवक्ता किशोर ताम्रकार, अरुण मिश्रा, रितु बुंदेला, गायत्री साहू, परसराम कश्यप, अपूर्व सेन, अंकित फुलझले सहित सैकड़ों अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# यूथ मीट में मिलेंगे कॅरियर टिप्स बच्चों संग पैरेंट्स को भी मौका



रायपुर। युवाओं में जीवनोपयोगी संस्कारों का बीजारोपण करने एवं कॅरियर संबंधी संभावनाओं को उजागर करने श्री दिगंबर जैन समाज पंचायत सेवा समिति द्वारा इस एक दिवसीय निःशुल्क यूथ मीट एवं कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन 25 मई को किया जा रहा है। कल संध्या 7 से 10 बजे तक वृंदावन हॉल में इसका आयोजन होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया, यह शिविर इस वर्ष का सबसे बड़ा एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर है। जो कि ब्रह्मचारी सुनील के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कॅरियर काउंसलिंग विशेषज्ञ विजय चोपड़ा शिक्षाविद कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### जीवनोपयोगी संस्कार का आरोपण

समिति सदस्यों ने बताया, धर्म के विषय में आज बच्चों के मन में संशय की स्थिति बनी रहती है, जिसका समाधान प्रायः माता-पिता के पास भी नहीं होता। ऐसी समस्या के समाधान एवं जीवनोपयोगी संस्कारों का उत्कृष्ट रूप से सुदृढ़ आरोपण करना इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही लौकिक शिक्षा का महत्व एवं उसमें सफलता के आधार बिंदु, लौकिक तकनीकी शिक्षा के आधार पर कार्य क्षेत्र एवं भविष्य निर्माण की संभावनाएं तलाशना, जैन धर्म के प्रति रुचि जागृत करने के लिए उपयोगी जानकारियां प्रदान करना भी इस शिविर का उद्देश्य है। इस शिविर में भाग लेने के लिए आयु सीमा 13 वर्ष से 23 वर्ष रखी गई है। शिविर में भाग लेने के लिए गूगल के माध्यम से फॉर्म भरकर अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करना सकते हैं। शिविर में बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आमंत्रित हैं।

## धर्म लाइव

# भक्तों ने धरा प्रह्लाद व नरसिंह का रूप, पूजन में जुटे सैकड़ों



रायपुर। भगवान नरसिंह जयंती के मौके पर पुरानी बस्ती स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर 4.30 बजे से जयंती महोत्सव संबंधित आयोजन प्रारंभ हुए। बड़ी संख्या में भक्त इस आयोजन का हिस्सा बजे। मंदिर ट्रस्टी चंद्रप्रकाश व्यास और विजयलक्ष्मी बोहरा ने बताया कि जयंती महोत्सव के लिए मंदिर में पहले से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। भक्तों ने प्रह्लाद और नरसिंह का रूप धरा। संध्या समय हुई विशेष आरती में सैकड़ों की संख्या में भक्तगण पहुंचे रहे। इस दौरान मंदिर में उत्सव का माहौल रहा। पूजन पश्चात मंदिरों में प्रसादी बांटी गई। झांकी भी निकाली गई। इसमें भी बड़ी संख्या में भक्त जुटे। भगवान नरसिंह और भक्त प्रह्लाद की पूजा कर सभी ने मंगलकामनाएं की।



## समाज इवेंट

# 24 लाख घरों में औषधियुक्त सामाग्री से आज होगा यज्ञ

रायपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार आह्वान पर 24 लाख घरों में 23 मई से गृहे-गृहे यज्ञ अभियान का आयोजन किया गया है। इसके लिए गायत्री परिजनों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में हवन सामग्री का वितरण पहले ही किया जा चुका है। गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया, भारत के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, साउथ एशिया सहित अनेक देशों में विश्वभर के करोड़ों साधक आयुर्वेदिक औषधियुक्त हवन सामग्री के साथ गायत्री, महामृत्यंजय एवं सूर्य मंत्रों के उच्चारण कर यज्ञ में आहुति अर्पित करेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं अनेकानेक वैज्ञानिक भी यज्ञ की महिमा को जानकर प्रेरित और संकल्पित हो रहे है। गायत्री परिवार द्वारा विगत कई वर्षों से यह आध्यात्मिक प्रयोग सामूहिक स्तर पर वैश्विक रुप दिया जा रहा है। यज्ञ के बाद तरु प्रसाद के रूप में परिजन अपने-अपने घरों में पर्यावरण संरक्षण के लिये कम से कम एक-एक पौधारोपण का कार्य भी करेंगे। रायपुर जिले में 11 हजार घरों में गायत्री महायज्ञ करवाया जाएगा।



### कृष्ण जन्म कथा में खोए श्रद्धालु

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यहां आचार्य शरद गोविंद द्वारा वाचन किया जा रहा है। 19 मई से कथा का शुभारंभ हुआ है। आगामी 26 मई तक कथा जारी रहेगी। अयोजक गजेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी, राजेस तोमर, रामकुमार सिंह सहित समस्त सेजबहार वासी इस दौरान मौजूद रहे। नरसिंह जयंती के मौके पर भक्तों को कृष्ण जन्म के साथ ही नरसिंह अवतार की कथा भी सुनाई गई।

● कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के प्रवेश करते ही 25 से शुरू होगा नौतपा, मंदिरों में लगे एसी व पंखे

# नौतपा में विशेष जतन, तैयार किए गए ठंडक प्रदान करने वाले वस्त्र

“ ज्योतिष गणना और ग्रह नक्षत्र की स्थित के अनुसार, नौतपा में इस बार सूर्य अधिक नहीं तपेगा। हालांकि शुरुआती पांच दिन अन्य दिनों की तुलना में अधिक गर्म और परेशान करने वाले होंगे। मंदिरों में भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। लोग शिवालयों में ही नहीं बल्कि मंदिरों में विराजमान आराध्य देवी-देवताओं को भीषण गर्मी से बचाने के लिए एसी-पंखे दुरुस्त करवा रहे हैं।

रायपुर। इस बार कृतिका नक्षत्र से रोहिणी नक्षण में सूर्य शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त में तीन बजकर 16 मिनट पर प्रवेश कर रहा है यानी पहले दिन से पांचवें दिन तक इसका प्रभाव रहेगा। मंदिरों में की जा रही विशेष व्यवस्था के साथ ही लोग भीषण गर्मी में सूर्य के ताप से बचने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ले रहे हैं। इस साल गुरु व शुक्र अस्त होने से नौतपा का प्रभाव शुरुआती 5 दिनों में ही रहेगा। ज्योतिषाचार्य देवेन्द्र पांडेय व पं.मनोज शुक्ला बताते हैं कि कृतिका नक्षत्र से सूर्य का जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश होता है, तो उस स्थिति में सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब होता है। इसके चलते सूर्य का प्रभाव ज्यादा होता है। रोहिणी नक्षत्र को चंद्र प्रधान व सूर्य को ऊर्जा का प्रतिक माना जाता है। इसके चलते सूर्य का प्रभाव ज्यादा होने से नौतपा में भीषण गर्मी होने से लोग बेचैनी महसूस करते हैं। इसका प्रभाव देवी-देवताओं पर भी होता है। इस लिहाज से ही राधा-कृष्ण, राम-सीता व देवी मंदिरों सहित अन्य देवालयों में गर्मी से राहत देने वाले विशेष वस्त्र पहनाने की परंपरा निभाई जाती है। बदलते दौर में भक्त आराध्य देवी-देवताओं को गर्मी से बचाने के लिए भक्त एसी-पंखे भी लगवाने लगे हैं।



दूधाधारी मठ

### भक्तों के लिए भी विशेष व्यवस्था

कई मंदिर ऐसे भी हैं, जहां भगवान के साथ ही भक्तों के लिए भी गर्मी को देखते हुए विशेष व्यवस्था की जा रही है। यहां मंदिर प्रांगण में पंखे-कूलर सहित अन्य तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विशेष दिनों में सैकड़ों की संख्या में भक्त मंदिर परिसर पहुंचते हैं। ऐसे में व्यस्था बनाए रखने और उन्हें गर्मी से राहत देने इस तरह की व्यवस्था की जा रही है। गर्मी के शुरुआत से ही अधिकतर मंदिरों में ये व्यवस्थाएं की गई थीं।



जैतूसाव मठ

### शिवालयों में घट से जल धारा

*वेदाचार्य पं. प्रदीप शुक्ला व भोला तिवारी ने बताया, नौतपा से पहले ही अक्षय तृतीया तिथि से सभी शिवालयों में स्थापित शिवलिंग पर जल धारा प्रवाहित करने के लिए घट स्थापित किए गए हैं। इससे बूंद-बूंद पानी गिरने से आराध्य देव शिव और उनके गले में लिपटे नागदेवता को गर्मी से बचाने का उपाय हर साल किया जाता है। इसे महीनेभर स्थापित करने के बाद निकाला जाता है। इसी तरह देवी-देवताओं को सामान्य दिनों में पहनाए जाने वाले वस्त्र को गर्मी के लिहाज से बदला जाता है। इस तरह की प्रक्रिया अन्य मंदिरों में भी अपनाई जाती है। कई मंदिरों में एसी व पंखा भी लगाए जाने लगे हैं। इस तरह की सुविधा प्रायः सभी प्रमुख मंदिरों में देखने को मिलती है।*



राधा-कृष्ण मंदिर

### गर्मी के वस्त्र अलग

सर्दियों में जहां भगवान को ऊनी वस्त्र पहनाए जाते हैं, वहीं गर्मी के मौसम में भी भगवान के परिधानों का खास तौर पर ध्यान रखा जाता है। गर्मी में भगवान को सूती वस्त्र पहनाए जाते हैं। गर्मियां आते ही इन वस्त्रों को भगवान को धारण कराया जाना प्रारंभ कर दिया गया था। नौतपा में भगवान का विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि बढ़ती हुई गर्मी का कोई प्रभाव उन पर ना पड़े। कई भक्तगण भी मौसम के अनुसार मंदिरों में विशेष वस्त्र अर्पण करने के लिए आते हैं।

स्मार्ट सिनेमा म्यूजिक एलबम अवार्ड : छत्तीसगढ़ी कलाकार सम्मानित

# सोनमछरी बनी बेस्ट एलबम विवेक-कंचन का गायन सर्वश्रेष्ठ



रायपुर। स्मार्ट सिनेमा म्यूजिक एलबम अवार्ड समारोह 2024 का आयोजन वृंदावन हाल में किया गया। जिसे स्मार्ट सिनेमा, जेसीआई नोबल, एन माही फिल्म प्रोडक्शन और इल्यूजन वीएफएक्स के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2023 में रिलीज वीडियो एलबम सान्ग के 18 श्रेणियों में अवार्ड की घोषणा की गई। जिसमें प्रदेश के विभिन्न कलाकारों को आमंत्रित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत संतोष थापा द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत के साथ हुई। इस दौरान अतिथि के रुप में प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, जेसी गौरव अग्रवाल, निर्माता मोहित साहू, अभिनेता रिंकू रजा, कलाकार शेख अलीम बंशी, निर्माता संतोष कुर्रे, संतोष दुबे मौजूद रहे।





### स्टोरी से लेकर एडिटिंग तक के लिए अवार्ड

एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को आमंत्रण किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इसमें बेस्ट एलबम सोनमछरी, बेस्ट गीतकार अशोक तिवारी, बेस्ट संगीतकार विवेक नीलेश शर्मा, बेस्ट ऑडियोग्राफर विवेक शर्मा, बेस्ट मेल गायक विवेक शर्मा, बेस्ट फीमेल गायक कंचन जोशी, बेस्ट निर्देशक शशिकांत मानिकपुरी, बेस्ट एडिटर ओम गुप्ता, बेस्ट स्टोरी सुमीत बसई, बेस्ट एक्ट्रेस रूपा चौधरी और कल्पिता सिंह, बेस्ट एक्टर हिमांशु यादव, बेस्ट सिनेमाटोग्राफर मनोहर सिमडेगा, बेस्ट कोरियोग्राफर राजा शेन्द्रे, बेस्ट डांस ग्रुप जेडी डांस ग्रुप, बेस्ट आर्ट डायरेक्टर मीत बंछोड, बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनर रमेश नाग और बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट मोहन कुमार को चुना गया।

# इम्यूनिटी बढ़ाने तथा आत्मरक्षार्थ बच्चों को मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग, समझाई गई बारीकियां



रायपुर। गुजराती स्कूल में छात्रों के लिए मार्शल आर्ट्स कराते, जूडो, थाई बॉक्सिंग, म्यू थाई, कलरिपायतु आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण रखा गया। इसके साथ ही योग प्रशिक्षण शिविर भी रखा गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य यह था कि वर्ष भर के अध्ययन काल पश्चात विद्यार्थियों की शारीरिक, मानसिक दक्षता के साथ इम्यूनिटी लेवल बढ़ाया जा सके। आगामी मार्शल आर्ट्स और अन्य खेल प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियां करवाई जा सके साथ ही ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग हो सके। 25 अप्रैल से इसकी शुरुआत हुई थी। प्राचार्य अनीस मेमन के निर्देशन में खेल शिक्षक टिकेश्वरी साहू ने यह प्रशिक्षण दिया। 65 बच्चों ने शिविर का लाभ उठाया।

### अब सीखाएंगे कैलीग्राफी

प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बुधवार प्रातः शाला परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि गुजराती शिक्षण संघ के वीके मिश्रा रहे। उन्होंने समस्त खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संस्था की ओर से उपहार वितरित किया। शाला में आगामी उद्देश्यपूर्ण कैलीग्राफी व हैंड राइटिंग इम्प्रूवमेंट, आर्ट्स व क्राफ्ट, डांस आदि प्रस्तावित शिविर में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया ताकि शेष ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग हो सके। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी अमन यादव, प्रणिता मेश्राम, कलरिपयतु खिलाड़ी कनिष्का श्रीवास, दिव्या अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## राजधानी में 20 से अधिक बौद्ध विहारों में होंगे आयोजन

# बौद्ध विहारों में होंगे परित्रण पाठ, बौद्धिक चर्चा पश्चात खीर वितरण, बुद्ध का संदेश देने कैंडल लेकर निकलेंगे लोग

कार्नर न्यूज

रायपुर। बुद्ध जयंती या वैसाख पूर्णिमा को दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस खास अवसर पर शहर के सभी बुद्ध विहारों में विशेष आयोजन होंगे। भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े विशेष दिनों को हर साल तीन बार धन्य दिन के रूप में मनाया जाता है। लोग गौतम बुद्ध जयंती के साथ ही बुद्धगया में ज्ञान की प्राप्ति और कुसीनगर में महापरिनिर्वाण में प्रवेश के मौके पर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। शांति व अहिंसा से जीवन की सार्थकता के लिए बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प भी बुद्ध विहार में दोहराया जाता है। बौद्धिक चर्चाओं के माध्यम से हर वर्ग को इस खास अवसर की महत्ता भी प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा बताई जाती है। हर साल की तरह ही राजधानी के प्रमुख 20 बौद्ध विहारों में गुरुवार को सुबह 7.30 बजे से ही परित्रण पाठ का सिलसिला शुरु होगा। अलग-अलग बौद्ध विहारों में बच्चों व युवाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम भी पेश किए जाएंगे।



### बच्चे व युवा सजाएंगे श्रृंखला

भारतीय बौद्ध महासभा और समता सैनिक दल से जुड़े बीएस जागृत ने बताया, सभी बौद्ध विहारों में त्रिगुण पावन पूर्णिमा को धूमधाम से मनाया जाता है। देवेंद्र नगर,बिरगांव, भनपुरी, गुढ़ियारी, कोटा, अग्रोहा कॉलोनी, भीम नगर, लाखेनगर, गौतम नगर, टिकरापारा, चंगोराभाटा , राजेंद्र नगर, राजातलाब बौद्ध विहारों में गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इन सभी बौद्ध विहारों में बच्चों व युवाओं के द्वारा सांस्कृतिक श्रृंखला सजाई जाएगी।

### जीवन को सही रास्ता दिखाना उद्देश्य

उन्होंने बताया, गौतम बुद्ध का जन्म वैसाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसके साथ ही उन्हें वैसाख पूर्णिमा के दिन ही सिद्धार्थ गौतम को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। उनको इसी वैसाख पूर्णिमा के दिन ही 80 वर्ष की आयु में महापरिनिर्वाण हुआ था। ऐसे दुर्लभ संयोग वाले विश्व के अकेले महापुरुष हैं। उनके द्वारा जीवन को सही रास्ता दिखाने के लिए दिए गए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस बार प्रमुख बौद्ध विहारों से शाम को कैंडल मार्च निकाला जाएगा। क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद वापस लौटने के पश्चात लोगों को खीर वितरित किया जाएगा।

### बुधवार संध्या 6.47 पर प्रारंभ हुई पूर्णिमा तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 22 मई बुधवार को शाम 6 बजकर 47 मिनट पर शुरू हो गई है।यह तिथि 23 मई गुरुवार के दिन शाम को 7 बजकर 22 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर वैशाख पूर्णिमा 23 मई को है, इसलिए बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व 23 मई को मनाया जा रहा है।

### बन रहे हैं शुभ संयोग



वैदिक ज्योतिष के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा यानी बुद्ध पूर्णिमा पर ग्रह नक्षत्रों की शुभ स्थिति के कारण कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जिससे जातकों को पूजा-पाठ और व्रत का दोगुना लाभ प्राप्त होगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन परिघ योग, शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। वहीं इस दिन शुक्र-सूर्य की युति से शुक्रादित्य योग, राजभंग योग का निर्माण होगा। वृषभ राशि में गुरु-शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग, साथ ही गुरु और सूर्य की युति से गुरु आदित्य योग का संयोग बन रहा है। गजलक्ष्मी राजयोग में किए गए कार्य धन, सौंदर्य, सफलता दिलाते हैं, वहीं गुरु आदित्य योग व्यक्ति को गुण-ज्ञान की प्राप्ति होती है साथ ही बुधादित्य राजयोग भी बन रहा है। इस दिन भद्रा सुबह 5:26 से 7:09 तक है। इसका वास स्वर्ग में है, इसलिए कोई दुष्प्रभाव धरती पर नहीं होगा।

ज्योतिष शास्त्र

## हथेली पर कहां होती है विवाह रेखा? क्या कहता है सामुद्रिक शास्त्र

माना जाता है कि हथेली की प्रमुख रेखाएं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे विवाह, संतान, करियर और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती हैं। इन सब के अलावा हथेली की रेखाएं हमारे प्रेम जीवन और शादी के बारे में भी बताती हैं। सामुद्रिक शास्त्र ज्योतिष का प्राचीन अंग है। इस शास्त्र के अनुसार इंसान के हाथों की रेखाओं, नाखूनों, उंगलियों और हथेली के आकार के आधार पर उसके व्यक्तित्व, स्वास्थ्य, भविष्य और भाग्य के बारे में जानकारी देता है। माना जाता है कि हथेली की प्रमुख रेखाएं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे विवाह, संतान, करियर और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती हैं। इन सब के अलावा हथेली की रेखाएं हमारे प्रेम जीवन और शादी के बारे में भी बताती हैं। इसे विवाह रेखा कहा जाता है। इन रेखाओं का होना और भी कई पहलुओं में शुभ माना जाता है इसलिए इसके बारे में जानना चाहिए।

**विवाह रेखा :** यह रेखा हथेली की छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत पर होती है। यह विवाह, वैवाहिक जीवन और जीवनसाथी के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता विवाह के समय, जीवनसाथी के स्वभाव और वैवाहिक जीवन की सफलता का संकेत देती हैं। कई बार कुछ लोगों के हाथ में ये रेखा टूटा हुआ होता है जो विवाह विच्छेद का कारण बन सकता है।

**संतान रेखा :** यह रेखा विवाह रेखा के समानांतर छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत पर होती है। यह संतान की संख्या, उनके स्वास्थ्य और जीवन में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी देती है। रेखाओं की संख्या संतान की संख्या का संकेत देती है, जबकि रेखाओं की गहराई और स्पष्टता उनके स्वास्थ्य और जीवन में सफलता का संकेत देती हैं।

**प्रेम रेखा :** सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार यह रेखा हथेली के किनारे से शुरू होकर हृदय रेखा की ओर जाती है। यह प्रेम संबंधों, रोमांस और भावनात्मक लगाव के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता प्रेम संबंधों की संख्या, उनकी तीव्रता और स्थायित्व का संकेत देती हैं।

**रोजगार रेखा :** यह रेखा हथेली के आधार से शुरू होकर मणिबंध की ओर जाती है। यह करियर, रोजगार और पेशेवर जीवन के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता करियर की सफलता, आय और पेशेवर जीवन में संतुष्टि का संकेत देती हैं।

**स्वास्थ्य रेखा :** सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार यह रेखा छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत से शुरू होकर हथेली के किनारे की ओर जाती है। यह स्वास्थ्य, शारीरिक और रोगों के प्रति संवेदनशीलता के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता स्वास्थ्य की स्थिति, रोगों से बचाव और जीवन काल का संकेत देती हैं।

**आयु रेखा :** यह रेखा हथेली के आधार पर अंगूठे के चारों ओर एक अर्धवृत्त बनाती है। यह जीवन काल, शारीरिक ऊर्जा और जीवन में आने वाली चुनौतियों का संकेत देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता जीवनकाल, स्वास्थ्य और जीवन में आने वाली बाधाओं का संकेत देती हैं।

## तरक्की और धन लाभ के लिए घर में जरूर होनी चाहिए ये पांच चीजें

कई बार अथक प्रयास करने के बाद भी आपके घर में पैसा नहीं टिकता या आप धन संबंधी परेशानियों को लेकर चिंतित रहते हैं तो इसका कारण आपके घर में मौजूद वास्तुदोष हो सकता है। इस दोष से मुक्ति और धन के अभाव को दूर करने के लिए वास्तु शास्त्र में पांच चीजें ऐसी बताई गई हैं जिससे धन और सुख में बाधक नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव दूर जाता है और देवी लक्ष्मी की कृपा आपके घर-परिवार पर बनी रहती है।

**बांसुरी :** बांसुरी को वास्तु दोष दूर करने में बहुत ही कारगर उपाय माना गया है। आर्थिक समस्याओं से मुक्ति के लिए व्यक्ति को चांदी की बांसुरी घर के पूर्व या उत्तर दिशा में रखना चाहिए। आप चाहें तो सोने की बांसुरी भी रख सकते हैं। अगर सोने अथवा चांदी का बांसुरी रखना संभव नहीं हो तो बांस से बनी बांसुरी घर में रख सकते हैं ऐसा करने से घर में लक्ष्मी का वास बना रहता है। शिक्षा, व्यवसाय या नौकरी में बाधा आने पर शयन कक्ष के दरवाजे पर दो बांसुरियों को लगाना शुभ फलदायी होता है।

**गणेशजी की ऐसी प्रतिमा :** गणेशजी यूं तो हर रूप में मंगलकारी हैं। लेकिन धन और सुख में बाधा को दूर करने के लिए नृत्य करती हुई गणेशजी की प्रतिमा घर में रखना बहुत ही शुभ होता है। उत्तर-पूर्व दिशा की तरफ इसे ऐसे स्थान पर रखें, जहां से सभी की दृष्टि इस पर बार-बार पड़े। प्रतिमा नहीं होने पर तस्वीर भी लगा सकते हैं।

**मां लक्ष्मी और कुबेर :** देवी लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति आपके घर में जरूर होगी, लेकिन धन में वृद्धि के लिए लक्ष्मी के साथ घर में कुबेर की मूर्ति या तस्वीर जरूर होनी चाहिए। क्योंकि, लक्ष्मी धन का सुख देती हैं लेकिन आय के बिना धन का सुख संभव नहीं है। आय कुबेर प्रदान करते हैं। इसलिए दोनों एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं। कुबेर महाराज उत्तर दिशा के स्वामी हैं इसलिए इन्हें हमेशा उत्तर दिशा में ही रखें।

शरीर में विटामिन की पर्याप्त मात्रा का होना जरूरी

# चटकने लगे हड्डियां तो समझ लें शरीर में इन विटामिन की हो गई हैं कमी

शरीर के लिए विटामिन बहुत ज्यादा जरूरी होते हैं। अगर इनकी कमी हो जाए तो अलग-अलग तरह के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं। इन लक्षणों को अगर शुरुआत में समझ लिया जाए तो विटामिन की पूर्ति शुरुआत में ही हो सकती है। हेल्दी बॉडी के लिए शरीर में विटामिन की पर्याप्त मात्रा का होना जरूरी है। अगर विटामिन की पर्याप्त मात्रा नहीं होगी तो समस्याएं हो सकती हैं जैसे रात को पूरी नींद लेने के बाद भी थकान या नींद की कमी महसूस होती है। वहीं, कुछ विटामिन की कमी होने पर हड्डियों में तकलीफ हो सकती है। शरीर में कुछ जरूरी विटामिन की कमी हो गई है तो आपके शरीर में अलग-अलग तरह के बदलाव दिखेंगे। इन बदलावों को समझकर आप विटामिन की पूर्ति कर सकते हैं और समस्याओं से भी खुद को बचाकर रख सकते हैं।




### विटामिन बी 12 की कमी

विटामिन-बी12 शरीर के लिए काफी जरूरी है। अगर एक बार इसकी कमी हो जाए तो पूर्ति करने के लिए इंजेक्शन ही लगवाने पड़ते हैं। इस विटामिन की कमी होने पर थकान और नींद आने की समस्या हो सकती है। इस विटामिन की कमी होने पर कमजोर मांसपेशियां, चिड़चिड़ापन, धड़कने तेज होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।

### विटामिन ए की कमी

विटामिन ए की कमी के शुरुआती लक्षणों में से एक रतौंधी है। अगर आपको रतौंधी है, तो आपको अंधेरे में ठीक से देखने में परेशानी हो सकती है। लेकिन पर्याप्त रोशनी होने पर आप सामान्य रूप से देख सकते हैं। रेटिनल विकार रतौंधी का कारण बनता है। लीवर की खराबी के कारण भी विटामिन ए की कमी हो जाती है।




### विटामिन डी की कमी

रिपोर्ट्स की मानें तो विटामिन-डी की कमी से बहुत ज्यादा नींद आने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा विटामिन-डी की कमी से हर समय कमजोरी, थकान और आलस महसूस होता है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि इसकी कमी की वजह से डिप्रेशन की समस्या भी हो सकती है।

## 24 घंटे मोबाइल से चिपके रहने के हो सकते हैं खतरनाक दुष्परिणाम

आजकल स्मार्टफोन और इंसानों की बीच एक ऐसा संबंध हो गया है जो कि हर चीज से ऊपर है। इंसान, इंसान से उतनी मोहब्बत नहीं कर रहा है, जितना मोबाइल से कर रहा है। लोग अपने साथ चल रहे इंसान को भूल सकते हैं, लेकिन अपने फोन को लेना नहीं भूल सकते हैं। कई लोग सिर्फ काम के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं तो कई लोग खूब गेम भी खेलते हैं। कई लोग ऐसे हैं जो फोन का इस्तेमाल हर दिन 10-12 घंटे तक करते हैं जो कि उनके लिए बहुत ही खतरनाक है।

आंखों में तनावः लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन को देखने से आंखों पर तनाव पड़ सकता है, जो आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है।



### स्वास्थ्य समस्याएं

बहुत लंबा समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक स्क्रीन को देखने से सिरदर्द की भी समस्या हो सकती है।

**नींद की समस्याः** रात को लंबे समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से नींद की समस्या हो सकती है, क्योंकि मोबाइल की ब्लू लाइट नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती है।


### मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं

मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है, जैसे कि अत्यधिक स्ट्रेस, चिंता, और डिप्रेशन। इसके अलावा कई बार ऐसा भी हो सकता है कि फोन ना मिलने पर आप बिना मतलब बेचैन हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर यही है कि खाते समय, टीवी देखते समय, किसी से बात करते मोबाइल का इस्तेमाल ना करें। बहुत जरूरी हो तब ही फोन का इस्तेमाल करें। मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों का भी नुकसान होता है, क्योंकि इससे असली जीवन में भटकाव होता है।

## 2 साल से छोटे बच्चों को शुगर खिलाने के होते हैं ये नुकसान

जिन बच्चों को ज्यादा चीनी वाली डाइट दी जाती है उनसे कम चीनी खाने वाले बच्चों की तुलना में ग्रोथ के दौरान कई सेहत से जुड़ी प्रॉबल्म्स हो सकती हैं। ऐसे में बच्चों को बचपन में बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है जिसमें बचपन का मोटापा हार्ट डिजीज और दांतों का सड़ना शामिल है। शुगर की जगह बच्चों को साबुत फल देने चाहिए।

बच्चे आम तौर पर मीठे फूड आइटम्स का स्वाद पसंद करते हैं, लेकिन छोटे बच्चों को शुगर देना उनके स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता है। दरअसल, प्रॉबल्म यह है कि, जितनी जल्दी आप अपने बच्चों को शुगर देंगे, उतने ही चांसेस ज्यादा होंगे कि, आपका बच्चा मीठे का शौकीन बनेगा। बचपन में हाई शुगर वाले फूड खाने से दिल से जुड़ी बीमारियां, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर हो सकती हैं। इसीलिए, 2 साल की उम्र से पहले एक्स्ट्रा शुगर से बचने की सिफारिश की जाती है।



### बच्चों की डाइट में करें ये बदलाव

ऐसे फूड आइटम्स को ढूंढना वाकई मुश्किल हो गया है, जो एक्स्ट्रा शुगर से नहीं बने हैं। यहां तक कि जिन फूड आइटम्स को हेल्दी माना जाता है, जैसे कि साबुत गेहूं की रोटी, उनमें भी शुगर होती है। इसीलिए ऐसे फूड आइटम्स और ड्रिंक्स से बचना बहुत जरूरी है जो एक्स्ट्रा चीनी से भरे होते हैं। इन बदलावों को करने से आप अपने बच्चे की हेल्थ में सुधार कर सकते हैं।

- मीठे ड्रिंक्स के बजाय बच्चों को पानी या सादा दूध पिएं।
- जूस के बजाय, सॉफ्ट फल, जैसे केले और पके आम जैसे फल खिलाएं।
- फलों के स्नैक्स के बजाय, बिना किसी एक्स्ट्रा शुगर के फल खिलाएं।
- आइसक्रीम के बजाय, फलों के साथ सादा, दूध से बना दही का पैराफेट खिलाएं।
- कुकीज या टोडलर प्रोटीन बार को ना खिलाएं।



## अच्छे-खासे लोगों को 'पागल' बना देती है न्यूरॉन्स की कमी

न्यूरॉन्स की कमी से सोचने-समझने के क्षमता कम होना, मूड डिसऑर्डर, नींद न आना, दौरा आना, दिमागी समस्याएं, महसूस कर पाने की क्षमता कम होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### दिमागी ताकत बढ़ाने के उपाय

न्यूरॉन नर्वस सिस्टम के बिल्डिंग ब्लॉक हैं, जो पूरे शरीर में सूचना पहुंचाने का काम करते हैं। ये स्पेशल सेल्स आपस में इलेक्ट्रिक और केमिकल सिग्नल के जरिए संचार करती हैं, जिससे आपको सोचने-समझने और काम करने में मदद मिलती है। दिमागी कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए न्यूरॉन्स बनाए रखना जरूरी है।

### एक्सरसाइज है जरूरी



फिजिकल एक्टिविटी न केवल शरीर के लिए, बल्कि मस्तिष्क के लिए भी फायदेमंद होती है। व्यायाम से कुछ ऐसे तत्व निकलते हैं जो न्यूरॉन के विकास और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

### हेल्दी डाइट

पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन न्यूरॉन के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। एंटीऑक्सीडेंट, ओमेगा -3 फैटी एसिड, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर आहार लें। इसमें फल, सब्जियां, मेवे, बीज, फैटी मछली (जैसे स सामन और मैकेरल) और साबुत अनाज शामिल हैं।

### पर्याप्त नींद है जरूरी

अच्छी और पर्याप्त नींद लेना मस्तिष्क के स्वास्थ्य और न्यूरॉन के कार्य के लिए महत्वपूर्ण है। नींद के दौरान, मस्तिष्क याददाश्त को मजबूत करता है और दिन भर में जमा हुए विषाक्त पदार्थों को साफ करता है।

### तनाव से बचें

दिमाग पर लगातार तनाव का बुरा असर पड़ सकता है और याददाश्त कमजोर होने लग सकती है। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ अपनाएं, जैसे माइंडफुलनेस मेडिटेशन, गहरी सांस लेना, योग या प्रकृति में समय बिताना।

### लोगों से मिलें, बात करें

मजबूत सामाजिक संबंध बनाए रखना और सार्थक सामाजिक संपर्क मस्तिष्क के स्वास्थ्य और न्यूरॉन के कार्य को सपोर्ट करते हैं। इससे डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज़ होते हैं, जो मूड को ठीक करते हैं।

### धूम्रपान और शराब से बचें

दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों से दूर रहें। धूम्रपान, शराब का अधिक सेवन और जहरी धातुओं तथा कीटनाशकों के संपर्क में आने बचें।

# ठंडा पानी, चिल्ड बियर...गर्मी में हार्ट अटैक लाकर छोड़ेंगी ये गलती

गर्मी के मौसम में कुछ आम गलतियां होती हैं जो सीधे तौर पर आपके दिल को प्रभावित कर सकती हैं। कुछ ऐसी गलतियों के बारे जानिए, जो गर्मियों में हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं। गर्मियों में हम अक्सर अपनी सेहत को ध्यान नहीं देते हैं, जो कई बार दिल के दौरे का कारण बन सकता है। गर्मी में शरीर को अपना तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे दिल, फेफड़े और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यानी, अगर आपको पहले से ही हृदय संबंधी कोई बीमारी है तो गर्मी में खतरा ज्यादा बढ़ सकता है। ज्यादा पसीना निकलने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में खूब सारा तरल पदार्थ पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होगी और ब्लड प्रेशर अचानक कम होने से भी बचा जा सकेगा। इसलिए, गर्मी के दिनों में ठंडा रहना और शरीर में पानी की कमी न होने देना बहुत जरूरी है।



### गर्मी में बाहर जाना

अत्यधिक गर्मी में धूप में बाहर जाना आपके शरीर को अत्यधिक तापमान का सामना करने के लिए मजबूर कर सकता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है।

### अत्यधिक तली चीजें खाना

गर्मियों में अत्यधिक तली चीजें खाना आपके शरीर को अतिरिक्त वसा प्रदान कर सकता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### नियमित व्यायाम न करना

गर्मियों में व्यायाम को छोड़ देना आपके हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। नियमित व्यायाम करने से हृदय की स्थिति में सुधार होती है और दिल के दौरे का खतरा कम होता है।

### पानी की कमी

गर्मियों में शरीर से पानी की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है, जो दिल के लिए हानिकारक हो सकता है। पानी की कमी से शरीर की संतुलित रक्तचालन में बाधा होती है, जो हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।

### ठंडी बियर

गर्मियों में बहुत से लोग प्यास बुझाने के लिए अत्यधिक बियर पीते हैं जो हृदय के लिए अत्यधिक हानिकारक हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### ठंडा पानी

ठंडा पानी पीने से हमारे शरीर में तीव्र प्रतिक्रिया हो सकती है जो अक्सर कुछ ही सेकंड में दिल के दौरे जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। यदि आपको पसीना आ रहा है तो आपको ठंडे पानी में जाने से बचना चाहिए और इसे पीने से पहले शरीर का तापमान सामान्य कर लें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
7067183593
6263818152

मैट्रेस 6x6 सिर्फ 2000/- 4 इंच मोटा
रुई गद्दा 6x6, 30 किलो 2000/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड सिर्फ 700/-
रुई गद्दा सादा 3x6 सिर्फ 200/-
रुई गद्दा 4x6, 15 किलो 650/- सिर्फ
रुई गद्दा 6x6, 30 किलो 3500/- सफेद रुई
सोफा कम बेड बीन बैग पुराना गद्दा लाये नया ले जायें
मैट्रेस 3x6 = 1100/- 4x6 = 1500/- 6x6 = 2400/-
संजय रुई भंडार
9827976266, 7987918262

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

# SHRI BALAJI VIDYA MANDIR

## MANAGED By ANDHRA ASSOCIATION

## ADMISSIONS OPEN

FOR PLAYGROUP
NURSERY TO CLASS - XII

**Streams are Available**

- ARTS
- MATHS
- SCIENCE
- COMMERCE



## SALIENT FEATURES

- Best Learning Atmosphere
- Highly Qualified & Experienced Teachers
- Activity Based Teaching
- Excellent Sports Facility








Email : shribalajischoolraipur@gmail.com

TAKE PRIDE TO ADMIT YOUR CHILD IN ONE OF THE BEST SCHOOLS

# श्री बालाजी विद्या मंदिर किड्स जोन

ADMISSIONS OPEN 2024-25

0 ADMISSION FEES FREE

भव्य शुभारंभ

23 मई 2024, सुबह 10 बजे

अमूल आइसक्रीम के पास, पटेल केबल के पीछे, विजय नगर, भनपुरी

आप सब की उपस्थिति प्रार्थनीय है...

FOR PLAY GROUP,
NURSERY, KG-I & KG-II

*Best Learning Atmosphere*

*Qualified Teachers*

*Activity Based Teaching*







आने वाले वर्षों में गुढियारी, बसंत विहार, अवन्ति विहार, शिवानंद नगर, कोटा, एकता नगर, शंकर नगर, डूंडा जैसे रायपुर के कई पॉश इलाके में...

**OFFICE TIMING : 09:00 AM TO 12:00 Noon**

Vijay Nagar Behind Patel Cable, Bhanpuri (Near Amul) Raipur (C.G.)

**CONTACT : 7024151379, 9300209309, 9329683167, 9827945371, 9329128867, 9827945371**